हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 173, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 15 दिसम्बर, 2022 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

संसद में फिर गूंजा तवांग मुद्दा

चर्चा की मांग को लेकर लोकसभा में हंगामा, 17 विपक्षी दलों का वॉकआउट

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में बुधवार को भी तवांग का ही मुद्दा गूंजा। लोकसभा में विपक्ष ने हंगामा किया। चर्चा की मांग को लेकर राज्यसभा से 17 विपक्षी दलों ने वॉकआउट कर दिया। इसमें कांग्रेस, RJD, आम आदमी पार्टी, MDMK, CPI, जदयू, DMK, TMC और TDP समेत अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल रहे। कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा संसदीय बोर्ड की मीटिंग की। जब PM मोदी की एंट्री हुई तो पार्लियामेंट्री बोर्ड के मेंबर्स ताली बजाकर उनका स्वागत करते रहे। ये स्वागत गुजरात में जीत के लिए किया गया। करीब 3 मिनट तक तालियां बजती ही रहीं। कांग्रेस ने भी भारत-चीन सैनिकों की झड़प पर विपक्षी दलों की हाईलेवल मीटिंग बुलाई। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तवांग पर सरकार को घेरने के लिए विपक्षी दलों के साथ चर्चा की।

कांग्रेस को तवांग में राजीव गांधी फाउंडेशन का नाम खींचने पर ऐतराज- मंगलवार को मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि रक्षामंत्री संसद में आए और अपना बयान पढ़कर बाहर चले गए। वह चर्चा करने के लिए तैयार ही नहीं थे। इसका राजीव गांधी फाउंडेशन मामले से कोई संबंध नहीं है। अगर इसमें हमारी किसी भी तरह की गलती है तो हमें फांसी पर लटका दो। खड़गे का कहना था कि उपसभापति ने कहा था कि हमें स्पष्टीकरण का मौका दिया जाएगा, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। हमारी बात भी सुनने को तैयार नहीं थे। यह देश के लिए अच्छा नहीं है। राजनाथ ने कहा- 9 दिसंबर 2022 को PLA ट्रूप्स ने तवांग में LAC का उल्लंघन कर नियम तोड़े थे। भारतीय सेना ने PLA को अतिक्रमण से रोका। उन्हें उनकी पोस्ट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें भी आई हैं। हमारे किसी भी सैनिक की न तो मृत्यु हुई है और न कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। समय से हमने हस्तक्षेप किया। इसकी वजह से चीनी सैनिक वापस चले गए। इसके बाद लोकल कमांडर ने 11 दिसंबर को चाइनीज काउंटर पार्ट के साथ व्यवस्था के तहत फ्लैग मीटिंग की। चीन को ऐसे एक्शन के लिए मना किया गया और शांति बनाए रखने को कहा। कूटनीतिक स्तर पर भी मुद्दा उठाया गया। हमारी सेनाएं भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी प्रयास को रोकने के लिए तत्पर हैं। विश्वास है सदन सेनाओं की वीरता और साहस को समर्थन देगा। यह संसद बिना किसी संशय के भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और क्षमता का अभिनंदन करेगी।

ओवैसी का सवाल- 9 को झड़प हुई तो संसद में सरकार ने जानकारी क्यों नहीं दी?- असदुद्दीन ओवैसी ने तवांग इलाके में हुई झड़प मामले में सरकार को घेरते हुए सवाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन सैनिकों के बीच झड़प 9 दिसंबर को हुई थी। इस दौरान पार्लियामेंट चल रहा है तो सरकार ने इसकी जानकारी उसी दिन क्यों नहीं दी? हमें तीन दिन बाद मीडिया बता रही है कि हमारे बहादुर सैनिक घायल हुए हैं।

सदन में नीतीश कुमार ने खोया आपा तो गिरिराज बोले- यह गिरती हुई साख या उम्र का तकाजा है

नई दिल्ली। बिहार में राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। बिहार के सारण में जहरीली शराब की वजह से 18 लोगों की मौत हो गई है। इसको लेकर भाजपा जबरदस्त तरीके से नीतीश सरकार पर हमलावर है। आज बिहार विधानसभा में भी भाजपा ने इस मुद्दे को उठाया। इस दौरान नीतीश कुमार ने अपना आपा खो दिया। अब इसे भाजपा ने एक बड़ा मुद्दा बना लिया है। भाजपा के नेता नीतीश के गुस्से को लेकर पलटवार भी कर रहे हैं। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तो साफ तौर पर कह दिया है कि गिरती हुई साख या उम्र का तकाजा है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि 10 साल पहले नीतीश जी का ये व्यवहार नहीं था, लगता है कि वो निराश हैं या गिरती हुई साख या उम्र का तकाजा या उन्होंने कह दिया है कि तेजस्वी जी सत्ता संभालेंगे। भाजपा नेता ने आगे कहा कि जहरीली शराब से हर दिन मौत हो रही है और अपराध बढ़ रहे हैं। बिहार में शराब हर जगह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी ने जिस तरह का व्यवहार किया वो NDA के शासन में किया था और आज किया उनको सदन की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। वहीं, भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश जी का समय चला गया है, उनकी स्मरण शक्ति भी चली गई है। वे बात-बात पर गुस्सा हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में एक दर्जन ऐसी घटना हुई है जिसमें उन्होंने आपा खो दिया और वे तुम-ताम पर उतर आते हैं। प्रशांत किशोर, भाजपा के बारे में भी वे तुम का प्रयोग करते हैं। दरअसल, भाजपा ने जैसे ही छपरा में जहरीली शराब का मुद्दा उठाया, नीतीश कुमार नाराज हो गए। वह भाजपा के नेताओं पर ही चिल्लाने लगे और कहा कि तुम लोग गंदा काम करते हो। तुम लोग शराबी हो। अब तो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब टॉलरेट नहीं किया जाएगा।

फिरोजाबाद में डीसीएम से टकराकर एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी स्लीपर बस, 6 की मौत, 22 घायल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हुआ है। थाना नगला खंगर क्षेत्र में बुधवार तड़के एक्सप्रेसवे पर 61 माइलस्टोन के समीप डीसीएम से बस की टक्कर हो गई, जिसके बाद बस नीचे जा गिरी। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। 22 यात्री घायल हो गए। घायलों को सैफई रेफर किया गया है। मृतकों में 14 महीने का बच्चा, एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, लुधियाना से स्लीपर बस रायबरेली जा रही थी। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। बुधवार तड़के चार बजे नगला खंगर क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर बस डीसीएम से टकरा गई। इसके बाद एक्सप्रेसवे से नीचे पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बस से बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। थाना पुलिस ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है।

मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख- इस हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर लिखा, ' आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्माओं को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

इन लोगों की हुई मौत- रीना उम्र 22 वर्ष पत्नी सुनील निवासी कुसुम्भी थाना असोथर जिला फतेहपुर। अयांश उम्र 15 माह पुत्र सुनील, सन्तलाला उम्र 67 वर्ष निवासी पन्नोई जिला कौशाम्बी। अन्य तीन व्यक्तियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

ये लोग हुए घायल- बबलू पुत्र बिंदादीन निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव। बालक पुत्र श्रीपाल निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव। संतोष पुत्र श्री पाल निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव। रामप्रसाद पुत्र शिव कुमार निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव। संतोष पुत्र नन्हे निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव । सुरजीत पुत्र रामचरण निवासी राजापुर कर्वी, जिला चित्रकूट। ज्योति पत्नी अजयपाल निवासी किदवई नगर, जिला कानपुर। अजय पुत्र मोहन लाल निवासी किदवई नगर, जिला कानपुर। रेश्मा पुत्री मटरू निवासी कटवा थाना खागा, जिला फतेहपुर। कुमारी रोशनी पुत्री मटरू निवासी कटवा थाना खागा, जिला फतेहपुर। चंदा देवी पत्नी रामचरण निवासी कटवा थाना खागा, जिला फतेहपुर। रामशरण पुत्र राजाराम निवासी कटवा थाना खागा, जिला फतेहपुर। सुनील पुत्र गंगादीन निवासी कोसंबी थाना असोथर, जिला फतेहपुर। कुमारी अनन्या पुत्री सुनील निवासी उपरोक्त। रामप्रवेश पुत्र राम प्रसाद निवासी इलाकुटबा थाना महाराजगंज, जिला रायबरेली। नीलम पत्नी बहादुर निवासी मोहनगंज थाना किदवई, जिला रायबरेली। सोनू पुत्र सूरज लाल निवासी परसाखेड़ा थाना मौरावा, जिला उन्नाव। राकेश पुत्र परमेश्वर निवासी उपरोक्त। राहुल पुत्र सूरज लाल निवासी उपरोक्त। किरण पत्नी पंकज निवासी उपरोक्त। गणेश पुत्र जगन्नाथ निवासी बाज खेड़ा थाना मौरावा, जिला उन्नाव। दीपू पुत्र राधेलाल निवासी शिवराज खेड़ा थाना मौरावा जिला उन्नाव।

बाइक सवारों ने द्वारका में छात्रा पर फेंका तेजाब, हालत गंभीर, सीएम केजरीवाल बोले- ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका इलाके में बाइक सवार युवकों ने छात्रा पर तेजाब फेंक दिया। घटना बुधवार सुबह की है। पीड़ित को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे हैं। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीएस मोहन गार्डन इलाके में एक छात्रा पर तेजाब फेंकने की घटना के संबंध में सुबह करीब नौ बजे पीसीआर कॉल आई। इसमें कहा गया था कि 17 साल की एक लड़की पर सुबह करीब साढ़े सात बजे बाइक सवार दो आरोपियों ने कथित तौर पर तेजाब जैसे किसी पदार्थ से हमला किया। घटना के वक्त वह लड़की अपनी छोटी बहन के साथ थी। उसने अपने परिचित दो लोगों पर शक जताया है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच चल रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, छात्रा की हालत स्थिर है। दिल्ली के

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस घटना को लेकर कहा कि ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपराधियों की इतनी हिम्मत आखिर हो कैसे गई? अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। दिल्ली में हर बेटी की सुरक्षा हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है। उधर, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि द्वारका मोड़ के पास एक स्कूली छात्रा पर तेजाब फेंका गया। पीड़िता की मदद के लिए टीम अस्पताल पहुंच रही है। बेटी को इंसाफ दिलाएंगे। दिल्ली महिला आयोग वर्षों से देश में तेजाब बैन करने की लड़ाई लड़ रहा है। कब जगेंगी सरकारें? उन्होंने आगे कहा कि हमने दिल्ली पुलिस को हमलावरों को गिरफ्तार करने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए नोटिस जारी किया है। हम पीड़िता और उसके परिवार की मदद कर रहे हैं। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि कई बार नोटिस देने के बाद भी तेजाब की खुदरा बिक्री पर रोक क्यों नहीं लगाई जाती।

चीन ने हैक किया था एम्स का सर्वर, अधिकारी ने किया खुलासा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) के सर्वर पर हुए साइबर अटैक को लेकर बुधवार को बड़ा खुलासा हुआ है। केंद्रीय परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकी के मुताबिक एम्स के सर्वर यह हमला चीन से हुआ था। हैकर्स ने 100 सर्वर में से पांच को हैक कर लिया था। हालांकि अब इन पांचों सर्वर से डाटा वापस हासिल कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर को एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ था। यह साइबर अटैक हांगकांग की दो मेल आईडी से किया गया था। मामले में की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन स्ट्रैट्रिक आपरेशंस (आइएफएसओ) को यह जानकारी मिली थी। हमले में इस्तेमाल ईमेल का आइपी एड्रेस हांगकांग आ रहा है। इससे चीन की भूमिका संदिग्ध है।

दिल्ली पुलिस ने किया विदेश मंत्रालय को सूचित- पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच में एक मेन मेल आइडी का आइपी एड्रेस 146.196.54.222 है और पता ग्लोबल नेटवर्क, फ्रांसिट लिमिटेड रोड डी/तीन एफ ब्लाक-दो, 62 युआन रोड हांगकांग-00852 है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले की सूचना विदेश मंत्रालय को दी।

अपहरण कर डेढ साल के मासूम की गला काटकर निर्मम हत्या, घर से कुछ दूर खेत में मिला शव

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खानपुर इलाके में डेढ वर्षीय मासूम की अपहरण के बाद हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मासूम का शव घर से कुछ दूर गन्ने के खेत में मिला है। वहीं, निर्मम हत्या करने वाले आरोपी की ग्रामीणों ने जमकर पीटा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के बाद मौके पर आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची। घटनास्थल पर कोई हाथियार नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार, खानपुर थाना इलाके के गांव सौझना झाया में यह वारदात हुई। गांव निवासी 35 वर्षीय काजू उर्फ किशनपाल घेर में अकेले खेल रहे डेढ वर्षीय वैभव पुत्र सौरभ को खिलाने का बहाना गोद में उठाकर ले गया। आरोपी ने घेर से करीब 5 सौ मीटर की दूर स्थित एक ईंख के खेत में ले जाकर धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह वैभव का परिवार खेत पर गया हुआ था।

मासूम घेर में अकेला खेल रहा था। कुछ समय बाद बच्चे की मां ने मासूम को गायब देखा तो खोजबीन शुरू की। काफी देर तक पता नहीं चला। परिजन और अन्य ग्रामीण भी मासूम की तलाश में जुट गए। ग्रामीणों ने परिजनों को गांव में रहने वाले काजू पर बच्चे को गोद में उठाकर खेतों की तरफ जाने की जानकारी दी। परिजन मासूम की तलाश में निकल गए, इसी दौरान रास्ते में मासूम का एक जूता मिला। आगे कुछ दूर आरोपी काजू खेत के बाहर खड़ा मिला तो परिजनों को शक हुआ। परिजनों ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने कुछ नहीं बताया। आरोपी ने मासूम को लाने की बात नहीं कबूल की। ग्रामीणों ने काजू की शक में पिटाई की तो घटना का खुलासा हुआ। खेत में तलाश करने पर मासूम की गर्दन कटी मिली। मासूम की हालत देखकर परिजन और पिता बेहोश हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांव के लोग घटनास्थल पर आ गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी को जमकर पीटा।

सुप्रीम कोर्ट से बिलकिस बानो को झटका, 11 दोषियों की सजा के खिलाफ सुनवाई के लिए जल्द पीठ गठित करने से किया इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से बिलकिस बानो को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो की उस याचिका पर सुनवाई करने से किया इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने 11 दोषियों की सजा में छूट के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए जल्द पीठ गठित करने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की एक पीठ ने बिलकिस बानो की ओर से पेश वकील शोभा गुप्ता से आग्रह किया है कि इस मामले की सुनवाई के लिए एक और पीठ गठित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि याचिका को सूचीबद्ध किया जाएगा, लेकिन कृपया एक ही बात का बार-बार उल्लेख न करें। यह बहुत परेशान करने वाला है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की जज बेला एम त्रिवेदी ने मंगलवार को बिलकिस बानो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।

मेघालय में बढ़ा भाजपा का कुनबा पार्टी में शामिल हुए चार विधायक

नई दिल्ली। मेघालय में भाजपा और मजबूत हो गई है। राज्य के चार विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में एनपीपी के दो, टीएमसी का एक और एक निर्दलीय विधायक शामिल हैं। चारों विधायकों ने दिल्ली स्थित भाजपा दफ्तर में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। फेरलीन संगमा, सैमुअल संगमा, बेनेडिक माराक और एचएम शांगप्लियांग बुधवार को भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, भाजपा नेता संबित पात्रा और अनिल बलूनी मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम सरमा ने कहा कि यह चारों मौजूदा विधानसभा के विधायक हैं, इनके भाजपा में शामिल होने से हमें और मजबूती मिलेगी। फरवरी में होने वाले चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल होने में बड़ी सफलता मिलेगी।

माफिया मुख्तार अंसारी की प्रयागराज कोर्ट में हुई पेशी, ED ने की कस्टडी रिमांड पर लेने की मांग

प्रयागराज। माफिया मुख्तार अंसारी को बुधवार की सुबह जिला अदालत की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी रिमांड अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। अदालत की ओर से दोपहर बाद फैसला सुनाया जाएगा। माना जा रहा है कि मुख्तार को सात दिनों के लिए ईडी को सौंपा जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय माफिया मुख्तार के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। इसी मामले में उससे पूछताछ के लिए कोर्ट से बी वारंट बनवाकर तलब किया गया था। बांदा जेल में बंद माफिया को बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच जिला अदालत में लाया गया। इसके बाद जिला जज की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के अधिवक्ता की तरफ से कोर्ट में अर्जी दी गई। इससे पहले केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्तार के बेटे विधायक अब्बास और साले आतिफ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मनी लांड्रिंग के मामले में मुख्तार की पेशी की गई है। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने माफिया मुख्तार अंसारी को 14 दिनों के लिए कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए जिला जज की कोर्ट में मांग की है। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद जिला जज दोपहर बाद फैसला सुनाएंगे। सूत्रों का कहना है कि बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार से मनी लांड्रिंग से जुड़ी तमाम जानकारी जुटानी है। विकास कंस्ट्रक्शन फर्म, बैंक ट्रांजेक्शन, प्रापर्टी सहित अन्य बिंदुओं पर भी छानबीन होनी है। ईडी के

अधिकारी पूर्व में बांदा जेल जाकर मुख्तार से सवाल-जवाब कर चुके हैं, लेकिन अब उसे कस्टडी में लेकर पूछताछ करना जरूरी माना गया है। इसी आधार पर उसके खिलाफ बी वारंट बनाकर कोर्ट में तलब करवाया जा रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि माफिया के बेटे विधायक अब्बास व साले आतिफ ने अपने बयान में कई ऐसी बात कही है, जिसका जवाब मुख्तार अंसारी से लेना है। माफिया को सुबह कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद ईडी की ओर से 14 दिनों की कस्टडी रिमांड पर लेने की अर्जी कोर्ट में दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद कस्टडी में लेकर पूछताछ होगी। वहीं मुख्तार की पेशी के मद्देनजर कचहरी और आसपास पुलिस का सख्त पहरा है। माफिया अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ के गुर्गे आज भी सक्रिय हैं। चोरी-छिपे अशरफ की बेनामी संपत्तियों पर प्लाटिंग कर रहे हैं। पुलिस को इसका पता तब चलता है, जब जमीनों को कुर्क किया जाता है। पुलिस अब अशरफ के गुर्गों के बारे में जुटा रही है। धूमनगंज और पूरामुफ्ती पुलिस ने करीब एक माह पहले सात करोड़ से अधिक की देवघाट झलवा स्थित 14.39 बिस्वा जमीन को कुर्क किया था। यह जमीन अशरफ के नाम थी। इसे अतीक ने अपराध से अर्जित धन से भाई के नाम खरीदा था। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे को लेकर यह कार्रवाई की थी। पुलिस ने जब इस जमीन को कुर्क किया तो यहां कई प्लाट बनाए गए थे। गोपनीय तरीके से इस बारे में पुलिस अधिकारियों ने पता किया तो मालूम चला था कि अशरफ के गुर्गे यहां प्लाटिंग कर रहे थे।

निकाय चुनाव: शिवपाल के दरबार में लगी टिकट के दावेदारों की भीड़, अखिलेश के आने का इंतजार

लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय करने और मैनपुरी सीट पर उपचुनाव जिताने के बाद सपा की राजनीति में शिवपाल सिंह यादव का कद बढ़ गया है। वह प्रमुख भूमिका में आते हुए नजर आ रहे हैं। शिवपाल लखनऊ पहुंच चुके हैं जिसके बाद से ही निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की भीड़ उनके घर आने लगी है। कहा जा रहा है कि उम्मीदवारों का फैसला सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिल्ली से लौटने के बाद होगा। हालांकि, आरक्षण को लेकर प्रदेश में निकाय चुनाव की तस्वीर उलझी हुई है पर इस पर जल्द ही कोर्ट से निर्णय होने की उम्मीद है। टिकटों के दावेदार भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। अखिलेश यादव के दिल्ली से लौटने का इंतजार हो रहा है। ऐसे में दावेदार शिवपाल सिंह यादव के दरबार में पहुंच रहे हैं। कोई पुराने संबंधों की दुहाई देकर खुद को बेहतरीन उम्मीदवार बता रहा है तो कोई वोट बैंक का

हवाला दे रहा है। प्रदेश भर से महापौर, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार शिवपाल सिंह यादव के कार्यालय में डेरा डाले हुए हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर डिंपल यादव ने चुनाव लड़ा और करीब तीन लाख वोटों से जीत दर्ज की जो कि ऐतिहासिक है। इस जीत में शिवपाल यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उपचुनाव परिणाम आने के दिन ही शिवपाल ने अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय कर दिया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवपाल को सपा में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

संपादकीय

शोर की मार

और इससे बचने के उपायों को लेकर सचेत रहते हैं। मगर प्रदूषण के अन्य स्वरूपों के प्रति अभी वैसी समझ नहीं बन पाई है। खासकर तेज स्वर में बजने वाले यंत्र आसपास के माहौल को अशांत करने और व्यक्ति की सेहत पर क्या असर डाल सकते हैं, इस बारे में शायद ही कोई फिक्र करता है। हालांकि ध्वनि प्रदूषण को लेकर अक्सर सतर्क किया जाता और इससे बचने की सलाह दी जाती है। इसे नियंत्रित करने के लिए दिशा-निर्देश और नियम-कायदे भी हैं, लेकिन इसके प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखती है। शायद यही वजह है कि दिनोंदिन ध्वनि प्रदूषण की समस्या गहराती जा रही है। इसके मद्देनजर राजधानी दिल्ली में सरकार ने शोर से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती बरतने का फैसला किया है। इस संदर्भ में दिल्ली के पर्यावरण विभाग ने अपने एक आदेश में कई संबंधित महकमों को राष्ट्रीय राजधानी में ध्वनि प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों पर पूरी तरह रोक लगाने को कहा है। गौरतलब है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने पिछले साल पच्चीस जून को इस मामले में स्पष्ट निर्देश जारी किया था, जिसके तहत ध्वनि नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने पर एक लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के अनुसार अधिकारियों की इजाजत के बिना लाउडस्पीकर या सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, सभागार, सम्मेलन कक्ष, समुदाय और विवाह समारोह आदि के लिए निर्धारित बंद परिसरों को छोड़ कर लाउडस्पीकरों का उपयोग रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच नहीं किया जा सकता। दरअसल, ये नियम पहले से लागू हैं। लेकिन यह छिपा नहीं है कि कभी विवाह तो कभी जागरण या किसी अन्य कारण से आयोजित समारोहों में लाउडस्पीकर आदि जिस तरह और जितनी तेज आवाज में बजाए जाते हैं, वे ध्वनि प्रदूषण के पैमानों को आमतौर पर धता बताते रहते हैं। साथ ही सड़कों पर चलने वाले वाहन भी कई बार रात में नाहक तेज स्वर में भोंपू बजाते हैं। वह कोई संकेतक कम, परेशानी की वजह ज्यादा होता है। जबकि एक कुशल वाहन चालक केवल गाड़ी की बत्तियों की रोशनी के संकेतों के सहारे ही अपना रास्ता तय करता है। शायद ही इस बात का ध्यान रखने की कोशिश की जाती है कि ऐसे शोर से आसपास के लोगों को कितनी असुविधा हो रही होगी। लेकिन यह केवल असुविधा का मामला नहीं है। तेज या तीखे स्वर कान में पड़ने से कई शारीरिक बीमारियां और मानसिक परेशानियां हो सकती हैं। इसके असर से व्यक्ति बहरेपन, यादाश्त और एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन, अवसाद के अलावा नपुंसकता और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ सकता है। ध्वनि प्रदूषण अगर उच्च और असुरक्षित स्तर तक है तो यह मनुष्यों के साथ-साथ पशु-पक्षियों और पेड़ों आदि को भी नुकसान पहुंचाता है। इस स्तर के खतरे के बावजूद लोग अगर इस समस्या के प्रति लापरवाही बरतते हैं तो यह एक तरह से आत्मघाती स्थिति है। इसलिए ध्वनि प्रदूषण को लेकर सरकार ने अगर सख्ती दिखाई है, तो इसे एक जरूरी कदम माना जा सकता है। मगर असली तकाजा ऐसे निदेशों को सख्ती से लागू करने का है। हालांकि अगर लोग अपने स्तर पर ही जागरूक हों और अपनी सेहत को सुरक्षित रखने का ही खयाल रखें, तो खतरनाक ध्वनि प्रदूषण से बचा जा सकता है।

टकराव की सीमा

हालांकि यह टकराव लंबा नहीं खिंचा और जल्दी ही चीनी सैनिक वापस लौट गए। मगर बार-बार चीन की तरफ से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इस तरह तनाव की स्थिति पैदा करने को लेकर स्वाभाविक ही भारत सरकार पर कड़ा कदम उठाने का दबाव बनना शुरू हो गया है। संसद में इस घटना पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सफाई दी कि भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया और वहां कोई अप्रिय घटना नहीं होने पाई। मगर विपक्ष इस घटना को केंद्र सरकार की रणनीतिक कमजोरी के रूप में रेखांकित कर रहा है। ज्यादा दिन नहीं हुए जब लद्दाख के गलवान क्षेत्र में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के साथ हिंसक झड़प की और हमारे कई जवान शहीद हो गए। कई चीनी सैनिक भी मारे गए। उसके बाद करीब दो साल तक उस इलाके में तनाव बना रहा। चीन अपनी सामरिक शक्ति का प्रदर्शन करता रहा। आरोप लगते रहे कि चीन भारतीय सीमा में काफी अंदर तक घुस आया है और उसने अपने सैन्य ठिकाने बना लिए हैं। विपक्ष अब तक दोहराता है कि लद्दाख क्षेत्र की काफी जमीन चीन ने हथिया ली है और भारत सरकार उसे रोक नहीं पाई। अब अरुणाचल में चीनी सैनिकों की पैठ ने स्वाभाविक चिंता पैदा कर दी है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब चीनी सैनिकों ने तवांग इलाके में घुसपैठ की कोशिश की। करीब सोलह सालों से वहां तनाव बना हुआ है। दरअसल, तवांग का इलाका चीन और भारत दोनों के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्त्वपूर्ण है। चीन की कोशिश रहती है कि तवांग पर कब्जा कर ले। इसलिए कि वह इलाका तिब्बत, भूटान और भारत को जोड़ता है। तवांग भारत का हिस्सा है, मगर चीन उस पर इसलिए भी कब्जा जमाना चाहता है कि वहां से वह तिब्बत पर शिकंजा कसने में कामयाब हो सकता है। फिर भारत पर सामरिक दबाव बनाए रख सकता है। इसलिए भारत हमेशा उस इलाके में सुरक्षा इंतजाम पर विशेष ध्यान देता है। ब्रिटिश हुकूमत के समय जब अरुणाचल में वास्तविक नियंत्रण रेखा का निर्धारण हो रहा था, तो चीन ने उस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किया था। वह दावा करता रहता है कि तवांग के इलाके पर उसका अधिकार है। मैकमोहन रेखा कही जाने वाली नियंत्रण रेखा को पार कर उसके सैनिक भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास करते रहे हैं। भारतीय सीमा पर अस्थिरता पैदा करने के पीछे चीन की एक और खीज काम करती है कि वह भारत को उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में सहन नहीं कर पाता। फिर अमेरिका से उसकी नजदीकी सदा चीन को खटकती रही है। लद्दाख का तनाव खत्म करते वक्त उम्मीद जताई गई थी कि अब चीन बेवजह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सामरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं करेगा, मगर वह अपनी विस्तारवादी मानसिकता से बाहर नहीं निकल पा रहा। ऐसे में सारी दुनिया की नजर तवांग इलाके में उसकी घुसपैठ पर लगी हुई है। भारत इसे शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने का प्रयास करता रहा है। मगर चीन शायद इसे भारत की कमजोरी समझता रहा है। इसलिए भी तमाम राजनीतिक दल जोर देते हैं कि भारत को एक बार कड़े कदम उठा कर चीन को रोकने का प्रयास करना चाहिए। वास्तविक नियंत्रण रेखा की गुत्थियों को सुलझाने की नीयत चीन की कभी नहीं रही, इसलिए कूटनीतिक और सामरिक शक्ति से ही उसे अपनी सीमा में रहने का सबक दिया जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा की राह के रोड़े

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ह्यहमारी संस्कृति में किसी को भूखे पेट नहीं सोने देने की परंपरा है।ह्ण न्यायमूर्ति एमआर शाह और हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक भोजन पहुंचाना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। न्यायालय कोरोना महामारी के दौरान बंदी के चलते प्रवासी श्रमिकों की कठिनाइयों से संबंधित जनहित मामले पर सुनवाई कर रहा है। अदालत ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। इस संबंध में सरकार का दावा है कि पिछले आठ वर्षों में भारत में लोगों की प्रति व्यक्ति आमदनी बढ़ी है। यह वृद्धि औसतन 33.4 फीसद तक है। इसलिए प्रति व्यक्ति बड़ी आमदनी के चलते बड़ी संख्या में गरीब परिवार उच्च आयवर्ग के दायरे में आ गए हैं। सरकार को यह दलील इसलिए देनी पड़ी, क्योंकि न्यायालय ने कहा था कि 2011 की जनगणना के आंकड़ों तक इस योजना के लाभ को सीमित न रखा जाए। अन्य जरूरतमंदों को भी इसमें शामिल किया जाए।

केंद्र सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 2020 से गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों को प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज हर महीने निशुल्क दे रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत 81.35 करोड़ लाभार्थी हैं। कोरोना महामारी के दौरान जब काम-धंधे पूरी तरह बंद हो गए थे, तब रोज कुआं खोद कर प्यास बुझाने वाले लोगों के सामने भोजन का संकट गहरा गया था। इसलिए भारत सरकार ने उन्हें राहत पहुंचाने के लिए पहले से मिल रहे सस्ते अनाज के अलावा पांच किलो मुफ्त अनाज और देने की पहल की थी, जो आज भी जारी है। हालांकि इस दौरान बंदी पूरी तरह खोल दी गई है। नतीजतन, शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाएं पटरी पर लौटने लगी हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने का काम धार्मिक पर्यटन ने पूरे देश में कर दिया है। ऐसे में अन्न योजना अनिश्चित आय वाले लोगों के लिए सोने में सुहागा है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून पूरे देश में लागू है। इसके तहत देश भर के 81.35 करोड़ लोगों को दो रुपए किलो गेहूं और तीन रुपए किलो चावल मिलता है। सस्ते अनाज के इस अधिकार को इस कानून का उज्ज्वल पक्ष माना जाता है। मगर इतनी बड़ी संख्या में देश के लोग भूखे हैं, तो यह चिंता का विषय है कि आजादी के अमृत महोत्सव में भी यह भूख क्यों बनी हुई है। इसलिए संदेह लाजिमी है कि नीतियां कुछ ऐसी जरूर हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोटी के हक से वंचित बनाए रख रही हैं। पूंजी और संसाधनों पर अधिकार चंद लोगों की मुट्ठी में सिमटता जा रहा है। इस लिहाज से भूख की समस्या का यह हल सम्मानजनक और स्थायी नहीं है। इस परिप्रेक्ष्य में अब देश के नीति-नियंताओं की कोशिश होनी चाहिए कि लोग श्रम से आजीविका कमाने के उपायों से खुद जुड़ें और आगे भूख सूचकांक का जब भी नया सर्वेक्षण आए तो उसमें भूखों की संख्या घटती दिखे? न्यायालय की यही चिंता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत करीब सड़सठ फीसद आबादी को रियायती दर पर अनाज दिया जा रहा है। इसके दायरे में शहरों में रहने वाले पचास फीसद और गांवों में रहने वाले पचहत्तर फीसद लोग हैं। इस कल्याणकारी योजना पर एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपए सबसिडी के रूप में दिया जाता है। लोगों तक इस अनाज को पहुंचाने के लिए पीडीएस की एक लाख इकसठ हजार 854 दुकानों पर ईपीओएस मशीनें लगाई गई हैं, जिससे अनाज की तौल सही हो। सही लोगों को इसका लाभ मिले, इसके लिए राशन कार्डों को आधार नंबर से भी जोड़ा गया है।

इसके बावजूद पूरे देश में यह वितरण प्रणाली संदिग्ध बनी हुई है। निशुल्क अनाज योजना के अंतर्गत एक हजार लाख

टन से अधिक अनाज प्रतिमाह बांटा जा रहा है। अब तक इस योजना पर 3.40 लाख करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसलिए पूंजीवाद के समर्थक अर्थशास्त्री और उद्योगपति इस योजना का विरोध कर रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन की भी यही मंशा है। हालांकि ऐसा नहीं कि सरकार केवल गरीबों को अनाज में सबसिडी देती हो। उद्योगपतियों के भी हजारों करोड़ के कर हर साल माफ कर दिए जाते हैं। सरकारी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के न केवल वेतन, बल्कि सुविधाएं भी बढ़ा दी जाती हैं। इसलिए वंचितों को राहत देना आवश्यक है। दरअसल, किसी भी देश की प्रतिबद्धता विश्वव्यापार से कहीं ज्यादा देश के गरीब और वंचित तबकों की खाद्य सुरक्षा के प्रति होती है। लिहाजा, जेनेवा में 2014 में आयोजित एक सौ साठ सदस्यों वाले डब्लूटीओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने समुचित व्यापार अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इस करार की सबसे महत्त्वपूर्ण शर्त थी कि संगठन का कोई भी सदस्य अपने देश में पैदा होने वाले खाद्य पदार्थों के मूल्य का दस फीसद से ज्यादा अनुदान खाद्य सुरक्षा पर नहीं दे सकता।

जबकि भारत के साथ विडंबना है कि खाद्य सुरक्षा कानून और मुफ्त अन्न योजना के तहत देश की सड़सठ फीसद आबादी खाद्य सुरक्षा के दायरे में है। इसके लिए बतौर सबसिडी जिस धनराशि की जरूरत पड़ती है, वह सकल फसल उत्पाद मूल्य के दस फीसद से कहीं ज्यादा बैठती है। इस लिहाज से प्रधानमंत्री ने करार पर हस्ताक्षर नहीं करके यह मंशा जता दी थी कि उनकी सरकार गरीबों के हक में है। इस कानून में गरीब गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों के लिए अलग से पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी है। सरकार को सबसे बड़ी चुनौती अनाज की खरीद और उसके उचित भंडारण की रहती है। अनाज ज्यादा खरीदा जाएगा तो उसके भंडारण की अतिरिक्त व्यवस्था करनी होती है, जो नहीं हो पा रही है। गोदामों में लाखों टन अनाज हर साल खराब हो जाता है। इस अनाज से एक साल तक दो करोड़ लोगों को भरपेट भोजन कराया जा सकता है। अनाज की यह बबार्दी भंडारों की कमी के बजाय अनाज भंडारण में बरती जा रहीं लापरवाहियों के चलते कहीं ज्यादा होती है।

देश में किसानों की मेहनत और जैविक तथा पारंपारिक खेती को बढ़ावा देने के उपायों के चलते कृषि पैदावार लगातार बढ़ रही है। अब तक हरियाणा और पंजाब ही गेहूं उत्पादन में अग्रणी प्रदेश माने जाते थे, लेकिन अब मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी गेहूं की खूब पैदावार हो रही है। 2021-22 में उनतीस करोड़ टन अनाज की पैदावार हुई है, जिससे बढ़ती आबादी के अनुपात में खाद्यान्न मांग की आपूर्ति की जा सके। इसमें धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, दालें, मोटे अनाज तथा तिलहन भी शामिल हैं। साठ के दशक में हरित क्रांति की शुरूआत के साथ ही अनाज भंडारण की समस्या भी चिंताजनक रही है। एक स्थान पर बड़ी मात्रा में भंडारण और फिर उसका संरक्षण अपने आप में एक चुनौती भरा और बड़ी धनराशि से हासिल होने वाले लक्ष्य है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की पूरे देश में एक साथ खरीद, भंडारण और फिर राज्यवार मांग के अनुसार वितरण का दायित्व भारतीय खाद्य निगम को है, जबकि भंडारों के निर्माण का काम केंद्रीय भंडार निगम संभालता है। इसी तर्ज पर राज्य सरकारों के भी भंडार निगम हैं। विडंबना है कि आजादी के पचहत्तर साल बाद भी बढ़ते उत्पादन के अनुपात मे केंद्र और राज्य स्तर पर अनाज भंडारण के मुकम्मल इतंजाम नहीं हो पाए हैं। नतीजतन, हजारों टन खुले में रखा अनाज बेमौसम बारिश से सड़ जाता है, जबकि लाखों लोग रोटी की आस में भूखे पेट सो जाते हैं।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़े, समाज की सोच में आखिर क्यों नहीं आ रहा बदलाव?

इन दिनों स्त्रियों के घरेलू जीवन में उन पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। विशेषतः कोरोना महामारी के लॉकडाउन के दौरान एवं उसके बाद महिलाओं पर हिंसा, मारपीट एवं प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसी ही पीलीभीत की एक घटना ने रोंगटे खड़े कर दिये। खाने में बाल निकलने के बाद पत्नी को पीलीभीत के युवक जहीरुद्दीन ने जिस बेरहमी, बर्बरता एवं क्रूरता से मारा, जमीन पर गिरा दिया, घर में रखी बाल काटने वाली मशीन (ट्रिमर) को पत्नी के सिर पर चला दिया, इन दुभाग्यपूर्ण एवं शर्मसार करने वाली नृशंसता की घटना की जितनी निन्दा की जाये, कम है। स्त्री को समानता का अधिकार देने और उसके स्त्रीत्व के प्रति आदर भाव रखने के मामले में आज भी पुरुषवादी सोच किस कदर समाज में हावी है, इसकी पीलीभीत की यह ताजा घटना निन्दनीय एवं क्रूरतम निष्पत्ति है। दुभाग्यपूर्ण पहलू यह है कि जब एक स्त्री पर यह अनाचार हो रहा था तो दूसरी स्त्री यानी उसकी सास भी खड़ी थी और उसके बचाव में नहीं आई। जब उक्त युवक को अपने अपराध का अहसास हुआ तो भी वह पश्चाताप करने की बजाय पत्नी को ऐसे ही बंधा छोड़कर फरार हो गया।

रह-रह कर समाज में घटित हो रही ये महिला अत्याचार, हिंसा, उत्पीड़न की घटनाएं चिन्तित करती एवं इन पर नियंत्रण के लिये कुछ प्रभावी कदमों की जरूरत व्यक्त करती है। यह देखना भी दिलचस्प है कि जहां साल में दो बार लड़कियों को महत्व देने के लिए उसे पूजने के पर्व मनाए जाते हों, वहां लड़कियों को दोयम दर्जे का मानने वाले भी बहुत हैं, महिलाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता को नोंचने वाले भी कम नहीं हैं, आये दिन ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं कि किस तरह आज भी महिलाओं के साथ हिंसा एवं अत्याचार किया जाता है। जबकि आधुनिक होते भारत में महिलाओं ने अपने प्रयास के दम पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह देखकर गर्व होता है लेकिन जब ऐसी घटनाएं होती हैं, जैसी पीलीभीत में हुई, तो यह सोचने को विवश होना पड़ता है कि समाज की वास्तविकता क्या है? महिला समानता आज का सच है या अपवाद? प्रगति के प्रतिमान लिखने वाली महिलाएं हमारे समाज का वास्तविक सच हैं या वह, जो पीलीभीत की पीड़िता के साथ हुआ। इस पर गंभीरता से चिंतन करना होगा।

महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में महिलाओं को लेकर गलत धारणा है कि महिलाएं या बेटियां परिवार पर एक बोझ की तरह हैं। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि वे भोग्य की वस्तु हैं? उन्हें पांव के नीचे रखा जाना चाहिए। यों यह घटना आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, मगर यह पुरुषवादी सोच और समाज के उस ढांचे को भी सामने करती है, जिसमें महिलाओं की सहज जिंदगी लगातार मुश्किल बनी हुई है, संकटग्रस्त एवं असुरक्षित है। भले ही महिलाओं ने अपनी जंजीरों के खिलाफ बगावत कर दी है, लेकिन देश में ऐसा वर्ग भी है जहां आज भी महिलाएं अत्याचार का शिकार होती हैं। भले एक खास महिला वर्ग ने आर्थिक मोर्चे पर आजादी हासिल की है, लेकिन एक बड़ा महिला वर्ग आज भी पुरुषप्रधान समाज की सोच की शिकार है। ऐसा माहौल है तभी आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र की तमाम महिलाएं ह्यमुझे पति और पति के परिवार से बचाओह्ण की गुहार लगातीं हुई दिखाई देती हैं। इसलिये कि उन्हें सदियों से चली आ रही मानसिकता, साजिश एवं सजा के द्वारा भीतरी सुरंगों में धकेल दिया जाता है, अत्याचार भोगने को विवश किया जाता है। महिलाएं सभी समाजों, सभी देशों और सभी कालों में महत्वपूर्ण भूमिका में रही हैं। चाहे वेदों की बात करें, जो महिलाओं को पूजनीय बताते हैं, या गांधीजी की बात करें जो उन्हें परिवार की धुरी बताते हैं, हर समय महिलायें महत्वपूर्ण रही हैं। वेद कहते हैं कि वह व्यवस्था सबसे उत्तम है, जहां महिलाओं का सम्मान होता है। गांधीजी मानते थे कि अगर पूरे परिवार को और आगे आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाना है, तो केवल उस परिवार की महिलाओं को शिक्षित कर देना चाहिये। साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ण अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत जिले से की थी। इसके बाद भ्रूण हत्या को समाप्त करने व महिलाओं से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर पुरुष मानसिकता में व्यापक परिवर्तन आया है। लेकिन व्यापक परिवर्तन ही नहीं, आमूल-चूल परिवर्तन की जरूरत है। प्रश्न है कि घर की चार-दीवारी के भीतर महिलाओं पर अत्याचार का सिलसिला कब रुकेगा?

आखिर कब तक महिलाओं की छोटी-छोटी भूलों के लिये पुरुष उनको पीटते रहेंगे? क्यों हर कदम पर पुरुष व्यवस्था द्वारा लगाये गये नियमों के पालन में थोड़ी-सी कोताही उसे अपराधिनी सिद्ध करने का आधार बनती रहेगी। सेवा, श्रम और सेक्स- ये तीन बातें स्त्री के जीवन के आधार स्तंभ मान ली गयी हैं, जो उसे परिवार और पति के लिये समर्पित करने हैं। इनमें तनिक चूक के लिये वह हिंसा की शिकार बना दी जाती है। लेकिन इन अत्याचारों को सहते-सहते स्त्री टूट चुकी है। आज त्याग की जंजीरें और सहने की ताकत की कड़ियां बिखर चुकी हैं। स्त्री का विद्रोही स्वरूप सामने आ रहा है, विवाह का विधान डगमगाने लगा है, समाज के सामने खतरे की घंटी बज रही है। आखिर इसका जिम्मेदार पुरुष ही है, उसके बढ़ते अत्याचार हैं, स्त्री को दोयम दर्जा मानने की मानसिकता है। ऐसी मानसिकता चाहे पीलीभीत में कहर ढाये या अन्यत्र। असर पूरे महिला समाज पर होता है। सवाल यह है कि औरत को तरह-तरह से घेरने वाली सजायें एवं जुल्म जब गुजरते हैं तो 'ऐसा तो होता ही रहता हैह्ण की मान्यता अब स्त्री को स्वीकार्य नहीं है। जुल्म भले एक महिला को झेलना पड़े लेकिन अनेक महिलाएं उससे जागरूक हो जाती हैं, कमर कस लेती हैं। निश्चय ही यह पुनः एक प्रश्न को जन्म देता है कि क्या महिलायें अभी भी दोयम दर्जे की हैं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जे का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही हैं। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस तरह नारी एवं बालिका शक्ति ने अपना महत्व तो दुनिया को समझाया है, लेकिन नारी एवं बालिका के प्रति हो रहे अपराधों में कमी न आना, घरेलू हिंसा का बढ़ना- भी एक चिन्तनीय प्रश्न है। सरकार ने सख्ती बरती है, लेकिन आम पुरुष की सोच को बदले बिना नारी एवं बालिका सम्मान की बात अधूरी ही रहेगी।

आजम खान अब जीत की गारंटी नहीं रहे, अपने बूथों तक पर सपा को नहीं जिता पाये

समाजवादी पार्टी के फायर ब्रांड नेता और मुस्लिमों का बड़ा चेहरा समझे जाने वाले आजम खान की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। एक तरफ आजम को कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी सियासी जमीन उनके ही गढ़ रामपुर में हासिये पर सिमट गई है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव जब भी रामपुर में कोई चुनाव होता है तब प्रत्याशी तय करने के लिए आजम खान की शरण में पहुँच जाते हैं। यह सिलसिला नेताजी मुलायम सिंह के समय से चला आ रहा है जिसे अब अखिलेश आगे बढ़ा रहे हैं। दरअसल, रामपुर के किसी भी चुनाव में आजम खान को जीत की गारंटी माना जाता था।

आजम के नाम पर सपा रामपुर में कई चुनाव जीत चुकी है, लेकिन पिछले कुछ चुनावों से आजम की लोकप्रियता में खासी गिरावट आई है। अब वह जीत की गारंटी नहीं रह गए हैं। इसीलिए तो हाल फिलहाल में हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आने के बाद रामपुर में समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। जहां एक तरफ मैनपुरी लोकसभा सीट और खतौली विधानसभा की सीट पर विजय हासिल करके सपा गद-गद है तो वहीं रामपुर के परिणाम उसके लिए परेशानी का सबब हैं। रामपुर उपचुनाव में सपा की इतनी बुरी हार हुई है कि आजम खान अपना बूथ तक नहीं बचा पाए। ये भी तब जब रामपुर सीट पर आजम खान 10 बार विधायक रहे, फिर भी वहां से उनके खास आसिम राजा को हार का मुंह देखना पड़ा। आजम खान का बूथ रजा डिग्री कॉलेज में है। उपचुनाव में बूथ संख्या 5 पर मात्र 189 वोट पड़े हैं। जिसमें 96 वोट बीजेपी प्रत्याशी आकाश सक्सेना को मिले हैं। जबकि सपा प्रत्याशी आसिम राजा को मात्र 87 वोट ही मिले। निर्दलीय प्रत्याशी जुनैद खान को दो वोट मिले, जबकि दो वोट नोटा के खाते में गए, लेकिन आजम समर्थक दूसरी ही कहानी कहते घूम रहे हैं, उनका आरोप है कि आजम के पक्ष में मतदान करने वाले वोटरों का पहले वोटर लिस्ट से नाम हटा दिया गया और उसके बाद जो वोटर बचे उन्हें मतदान केन्द्र ही नहीं जाने दिया गया।

इसी बूथ संख्या 5 पर

आजम खान की पत्नी और पूर्व सांसद डॉ. तंजीन फातिमा और विधायक बेटे अब्दुल्लाह आजम ने वोट डाला। रजा कॉलेज के ही बूथ संख्या एक पर भी भाजपा जीती। उसे 280 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी को 11 वोट ही मिले। बूथ संख्या 2 पर भाजपा को 303 वोट और सपा को 15 वोट मिले। बूथ संख्या 3 पर भाजपा को 120 और सपा को 30 वोट मिले। बूथ संख्या 4 पर भाजपा हार गई। यहां बीजेपी प्रत्याशी आकाश सक्सेना को 19 वोट मिले, जबकि समाजवादी पार्टी को 144 वोट मिले। बूथ संख्या 6 पर भाजपा को 16 और समाजवादी पार्टी को 53, बूथ संख्या 7 पर भाजपा को 28 और समाजवादी पार्टी को 148 वोट मिले। बूथ संख्या 8 पर भाजपा को 36 और समाजवादी पार्टी को 93 वोट जबकि बूथ संख्या 9 पर भाजपा को 13 और समाजवादी पार्टी को 171, बूथ संख्या 10 पर भाजपा को 38 और समाजवादी पार्टी को 51 वोट मिले। बूथ संख्या 11 पर भाजपा को 21 और सपा को 61 वोट मिले। बूथ संख्या 12 पर भाजपा को 47 और सपा को 132, बूथ संख्या 13 पर भाजपा को 74 और सपा को 82 वोट मिले। बूथ संख्या 14 पर भाजपा को 57 और सपा को 239 वोट मिले। इन सभी 14 बूथों पर मतों की गिनती पहले चक्र में हुई, जिसमें भाजपा प्रत्याशी को 1148 वोट मिले थे, जबकि समाजवादी पार्टी को 1277 वोट मिले।

आजम खान पिछले 45 सालों से रामपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते आ रहे थे। 10 बार आजम खुद विधायक रहे और एक बार उनकी पत्नी तंजीन फातिमा उपचुनाव में जीती थीं। सजायाफ्ता होने के बाद आजम ने यहां से अपने सियासी उत्तराधिकारी के तौर पर आसिम राजा को पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ाया लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा वक्त बदला तो रामपुर की सियासत भी बदली। योगी सरकार ने पहले उन्हें और उनके परिवार को कानूनी शिंकजे में कसा और फिर बीजेपी ने आजम खां का सियासी खेल पूरी तरह से खत्म कर दिया क्योंकि रामपुर लोकसभा सीट के बाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कमल खिलाने में कामयाब रही। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सूबे में यह आजम के सियासी युग का अंत है? उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही आजम खान की मुश्किलें ऐसी बढ़ीं कि उन्हें जेल और अदालतों के चक्कर ही नहीं लगाने पड़े बल्कि अपनी विधानसभा सदस्यता भी गंवानी पड़ गई। हेट स्पीच मामले में आजम को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई, जिसके बाद रामपुर में उपचुनाव कराया गया है।

डीएम ने किया धान क्रय केंद्र तथा बारा चौकी का निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने तहसील सेवराई के धान क्रय केन्द्र गहमर का स्थलीय निरीक्षण कर धान क्रय के सम्बन्ध मे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होनें क्रय केन्द्र पर उपलब्ध अभिलेखो व किसानों के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं तथा क्रय हेतु उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरा, बैनर, धान का नमूना, टोकन रजिस्टर, डेली क्रय किये गये धान की स्थिति आदि के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेने पर बताया गया कि खरीद मानक के अनुरूप किया जा रहा है,इस पर जिलाधिकारी महोदय ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वह मंडी सचिव को प्रत्येक धान क्रय केंद्र पर भेज कर धान वजन करने वाली मशीन तथा मापन यंत्र का निरीक्षण करवा ले। जिलाधिकारी महोदय ने पूछा कि यहां कितना भुगतान किया गया तथा कितना धान क्रय किया गया यहां किसानों को 69 किसानो का धान क्रय किया गया जिसमे 36 किसानो को ही भुगतान किया गया। जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि किसानों को 48 घंटे में भुगतान होना चाहिए यहां के लेखपाल को निर्देश दिया कि वह सीमान्त किसानो को प्रत्येक गांव में जाकर जागरूग करते हुए धान क्रय केन्द्र पर ही अपना धान बिक्री करने हेतु प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि केन्द्र पर किसानों को बैठने के लिए पेयजल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था करे जिससे किसानों को कोई परेशानी न होने पाये। निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने बिहार बार्डर स्थित बारा चौकी का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान चौकी में बने बिल्डिंग खराब स्थिति में पायी गयी जिसपर जिलाधिकारी ने उसे ठीक कराते हुए साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। बारा चौकी पर बनाये गये बैरीकेटिंग टूटा पाया गया जो आये दिन भारो वाहनो का आवागमन किया जा रहा था जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तत्काल उसे ठीक कराया जाय जिससे अवैध वाहनो का आवागमन न होने पाय।

डा. तेजबली सिंह एवं अमूल्य सिन्हा के संयुक्त तत्वावधान में हुई प्रेस कांफ्रेंस

प्रखर रामनगर वाराणसी। सुश्रुत क्लब रामनगर वाराणसी की ओर से एक प्रेस कांफ्रेंस डा तेजबली सिंह जी एवं अमूल्य सिन्हा के संयुक्त तत्वावधान में, किला रोड पर स्थित सुश्रुत क्लिनिक पर हुई। इसमें लगातार १९वे वर्ष में डा सविता मेमोरियल वालीबाल प्रतियोगिता के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस प्रतियोगिता में तकरीबन १७० टीमों के शामिल होने की संभावना है। जिसमें पानीपत, देहरादून, बरेली, रायबरेली, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, प्रयागराज, सोनभद्र, मिजार्पुर, चन्दौली तथा वाराणसी की टीमों ने भाग लेने की स्वीकृति प्रदान किया है। डा तेजबली सिंह ने पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की घोषणा किया। सचिव अमूल्य सिन्हा ने पुरस्कार राशि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पहले दिन क्षेत्रीय टीमों के बीच प्रतियोगिता होगी तथा दूसरे दिन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होगी। क्षेत्रीय टीमों की विजेता को ८०००/- तथा उपविजेता को ६०००/- की धनराशि प्रदान किया जाएगा तथा राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में विजेता को १९०००/- तथा उपविजेता टीम को १७०००/- की धनराशि प्रदान किया जाएगा। ज्ञात हो कि पुरस्कार राशि प्रथम चरण से दिया जाता है जो क्रमवार बढ़ता जाएगा। डा तेजबली सिंह के इस अनूठे एवं सराहनीय कार्य को देखकर सीबीएससी बोर्ड राष्ट्रीय स्तर का वालीबाल प्रतियोगिता डा सविता मेमोरियल एकेडमी चुनार में कराएगी। जिसमें

राष्ट्र तथा विदेश की तकरीबन ६४ टीमें हिस्सा लेंगी और सभी मैच चुनार में होगी। डा तेजबली सिंह जी एवं अमूल्य सिन्हा ने आयोजन के संदर्भ में पूरी जानकारी प्रदान किया। सुश्रुत क्लब रामनगर की ओर से डा तेजबली सिंह, अमूल्य सिन्हा, अनिल सिंह मणि, मनभरन यादव, प्रेमप्रकाश पाठक, नुरूल शेख, अमित ठाकुर, पप्पू, सुरेश तथा संतोष उपस्थित थे।

एफआईआर दर्ज नहीं होने पर एसपी कार्यालय का किया घेराव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को टेढवा गाँव के एक वृध की होमियोपैथिक कालेज के पास हत्या कर दी गई थी। हत्या की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँच जहाँ शव को कब्जे लेते हुए मामले की जांच में जुट गईं। बताया जा रहा है कि नंदलाल बनवासी उर्फ नंदा उम्र लगभग 50 वर्ष की हत्या कर दी गई। हत्या की तहरीर परिजनों द्वारा कोतवाली में दी गई थी। मृतक की पत्नी शांति देवी ने कुछ लोगों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर दी थी, बुधवार की सुबह मृतक की पत्नी के साथ परिजन व ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुँच कर कोतवाली पुलिस पर आरोप लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर मुन्नन खान पुत्र इम्तियाज खान ने कई बार जान से मारने की धमकी दी गई थी। नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपी का नाम एफआईआर से निकाल दिया है।एफआईआर से नाम निकाले जाने से नाराज परिजन एसपी कार्यालय पहुँच कर धरने पर बैठ गए, उनकी मांग थी कि मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। मामले की जानकारी होतें ही सीओ सिटी गौरव कुमार व कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह मौके पर पहुँच

किसी तरह लोगों को कोतवाली ले गईं है । कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने यह बताया कि परिजनों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है! आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रहीं हैं जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बेसहारों का सहारा बन रही विभु

प्रखर वाराणसी। रामनगर की विभु पांडे जी हमेशा से ही सेवा संस्कार और सरोकार की नजीर पेश करती आ रही है। आमतौर पर लोग जिन मलिन बस्तियों में जाना भी पसंद नहीं करते हैं विभु जी उनकी मदद के लिए हमेशा एक पैर पर खड़ी रहती है। कोरोना की महामारी के बीच में भी विभु अपनी जान की परवाह किए बिना गरीबों में आवश्यक वस्तुओ को उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहती थीं। कोरोना ने जब कुछ साल पहले पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लिया था और सरकार ने लॉकडाउन लगा दिया इससे रोज कमाने खाने वाले परिवारों को खाने पीने से लेके कई जरुरी चीजों तक की समस्या हो गई थी। उस वक़्त भी विभु अपनी जान की परवाह न करते हुए गरीबों और जरुरतमंदो की सेवा में लगी रहती थीं। इसके अलावा हमेशा से ही विभु गरीब बच्चों का जीवन

सवारने में लगी रहती हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले कि विभु पांडे हमेशा से ही आम जनमानस की सेवा के लिए तत्पर रहती हैं। उनका दायित्व सिर्फ यही तक नहीं थमता, महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए भी समय-समय पर विभु आवाज उठाती रहती हैं। उनका मानना है कि हर सक्षम व्यक्ति को इस नेक काम के लिए आगे आने की जरूरत है। विभु जी एक दशक से समाज कल्याण, गरीब वर्ग के उत्थान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करती आ रही हैं। समाज में विभु जी के इस योगदान को देखते हुए उन्हें समय समय पर विभिन्न स्कुल, कॉलेज और संस्थाओं की तरफ से सम्मानित भी किया जाता रहा है। इसी क्रम में दो साल पहले आईआईएलएम इंस्पिरेशनल वीमेन एंटरप्रेंयूर्शिप अवार्ड 2020, ग्रेटर नोएडा में एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में भी उन्हें सम्मानित किया गया था।समाज में विभु जी का योगदान अविस्मरणीय रहा है और जिस तरह से वो आज भी समाज के कमजोर और पिछड़े वर्ग के लिए काम कर रही हैं वो आने वाले समय में युवाओ के लिए प्रेरणा का स्रोत तो बनेगा ही, साथ-साथ एक नए और बेहतर कल की उम्मीद भी जगाता है।

संक्षिप्त खबरें

कॉरिडोर प्रगति कार्य सप्ताह भर पीछे, ठेकेदारों पर भड़के नगर मजिस्ट्रेट

प्रखर मिजार्पुर। विन्ध्याचल विन्ध्य कोरिडोर निरीक्षण के दौरान निर्माणकार्य में लगभग सप्ताह भर पीछे चल रहे निर्माण कार्य देख ठेकेदारों पर भड़के नगरमजिस्ट्रेट विनयकुमार सिंह। निरीक्षण के दौरान मन्दिर के उत्तर पश्चिमी कोने पर जयपुरिया धर्मशाला तथा पक्काघाट के समीप निमार्णाधीन द्वार के निर्माणकार्य में लेटलतीफी को लेकर कार्यदाई संस्था के ठेकेदारों पर काफी नाराजगी जताई। ठेकेदार ने जयपुरिया के पिलरों का काम अवरुद्ध होने का कारण पत्थर मिलना बताया तथा पक्काघाट पर गेट के काम मे अवरुद्ध होने का कारण मजदूरों की टीम घर चले जाना बताया। मजिस्ट्रेट ने कहा कि पांच दिसम्बर तक पक्काघाट स्नानार्थियों के लिए खोला जाना था। पर एक सप्ताह अधिक समय व्यतीत होने के पश्चात भी यह कार्य पूर्ण नही हो पाया। मजिस्ट्रेट ने न्यू व्हीआईपी गेट निर्माणकार्य के चलते इस मार्ग से मन्दिर का मार्ग बंद कराने व कुछ सप्ताह से अवरुद्ध कोतवाली मार्ग को श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु खोलने का निर्देश जारी किया।

अस्थायी रैन बसेरा एवं अलाव की हकीकत जानने हेतु जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

प्रखर मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल के साथ अस्थायी रैन बसेरा रोडवेज परिसर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश किया कि वे अपने क्षेत्र में संचालित रैन बसेरा की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान संचालित रैन बसेरा में पानी, शौचालय, गद्दा, रजाई, तकिया, अलाव की समुचित व्यवस्था पायी गयी। उन्होने कहा कि रैन बसेरा में शिफ्टवार कर्मचारियो की ड्यूटी लगाते हुये रैन बसेरा में रजिस्टर रखा जाय रजिस्टर में रैन बसेरा में रूकने वाले व्यक्तियो के नाम, पिता का नाम पता एवं मोबाइल नम्बर अंकित किया जाय। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद गुप्ता उपस्थित रहें।

पर्यटक थाना का हुआ उद्घाटन

प्रखर कुशीनगर। उद्घाटन पश्चात उपस्थित गणमान्य एवं पुलिसकर्मियों से रूबरू होते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि बुद्ध स्थली कुशीनगर देश दुनिया के पर्यटक स्थलों में प्रसिद्ध है। यहां हर साल बड़ी संख्या में देशी पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में आते हैं। पर्यटक थाना पर्यटकों की समस्याओं को समझकर उनका निराकरण करने पर आधारित थाना होगा। इसका कार्यक्षेत्र पूरा जिला होगा कहीं से भी पर्यटकों की असुविधा संबंधी जानकारी सामने आने पर पर्यटन थाने की पुलिस मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जनता को पुलिस से बड़ी अपेक्षाएं होती है जिसमें पुलिस को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करना बेहतर पुलिसिंग की पहचान है। महोदय ने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यों के पालन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आप लोग समाज के हर अंग के साथ मिलकर काम करे लोगों के बीच से पुलिस के डर को दूर करे। क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह के संचालन में नवनियुक्त थानाध्यक्ष श्री अजय कुमार पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भन्ते ज्ञानेश्वर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री रितेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह,सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सेवा भाव का दूसरा नाम स्काउटिंग है - जया कुमारी

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी।उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान में बुधवार को राजकीय हाई स्कूल भतसार रामेश्वर में तीन दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिस के समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अवधेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र मिश्रा एवं अवधेश तिवारी जी रहे। कार्यक्रम की संयोजिका विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जया कुमारी रही।इस कार्यक्रम की शुरूआत ध्वज शिष्टाचार के माध्यम से किया गया।इसके पश्चात बच्चों ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा के माध्यम से सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। इसके पश्चात बच्चों ने दीक्षा संस्कार के माध्यम से स्काउट गाइड प्रतिज्ञा की शपथ ली और स्काउट गाइड के नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात स्काउट गाइड के बच्चों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का प्रदर्शन किया।जिसमें बच्चों ने टेंट ,टावर, पुल ,गैजेट्स, बिना बर्तन के भोजन बनाना, पाक विद्या का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों को बिना संसाधन के साधन कैसे बनाएं इसका भी प्रदर्शन किया और कम संसाधन में भी जीवन जीने का काला प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त किया।कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से शफाली प्रियदर्शनी, महिमा तिवारी, लीना सिंह, अंतिमा सिंह, एच.वर्तिका, अंजली अग्रवाल, पूजा मिश्रा समेत समस्त स्टाप उपास्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रदीप कुमार चतुवेर्दी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन खुश्बू मौर्य ने दिया।

पीजी कालेज छात्र संघ के नहीं होंगे चुनाव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज अपरान्ह बुधवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के प्राचार्य डॉ०राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्णय के आलोक में छात्र संघ चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। और यह बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा नई शिक्षा नीति लागू किये जाने के क्रम में समस्त पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर सिस्टम लागू कर दिया गया है। जिसके तहत वर्ष में दो बार प्रवेश प्रक्रिया ,परिचय पत्र वितरण , कक्षा संचालन, मिड टर्म परीक्षा, सेशनल कार्य, प्रैक्टिकल और मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाना है। कोविड-19 के प्रभाव से शैक्षणिक सत्र अपने नियत समय से पीछे चल रहा है। ऐसी परिस्थितियों में शिक्षण - सत्र को ससमय करने के लिए अथक प्रयास विश्वविद्यालय एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसी बीच विश्वविद्यालय की कुलपति महोदया की ओर से उपरोक्त कार्यक्रमों के अनुपालन को देखते हुए वर्तमान सत्र में छात्र संघ चुनाव को कराने की अनुमति नहीं प्रदान किया। जिसके बाद छात्रों की ओर से हाइकोर्ट में वाद दाखिल किया गया। जिसकी सुनवाई के क्रम में हाइकोर्ट ने अपने निर्णय में अकादमिक सत्र की वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए चुनाव कराए जाने की मांग को निरस्त कर दिया है। माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में और जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा भी हाइकोर्ट के आदेश के अनुपालन के क्रम में आगामी निकाय चुनावों को लेकर छात्र संघ चुनावों को कराने से मना कर दिया है। ऐसी परिस्थितियों में स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर प्रशासन द्वारा छात्र संघ चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। इस मौके पर प्राचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय के साथ मुख्य नियंता डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ०एस.एन. सिंह आदि मौजूद रहें।

सीबीएसई ईस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता में ज्ञानकुंज के बालक वर्ग का दबदबा बरकरार

सिकन्दरपुर (बलिया)। सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षेत्रिय मंडलीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन मुगलसराय चंदौली स्थित जेएस पब्लिक स्कूल में संम्पन हुआ। कुल छः टीमों ने इस आयोजन में भाग लिया, जिसमें बालक वर्ग की तीन टीमें और बालिका वर्ग की तीन टीमें रहीं। कडें संघर्ष एवम कठिन मुकाबले के साथ बच्चों ने अपने पूरे दम-खम से अपनी खेल का प्रदर्शन किया और पूरे जोन में ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंडरी एके-डमी के बालक वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह बच्चों के मनोबल का एवं संघर्ष का परिणाम रहा, जिसमें उन्होने सफलता हासिल की। इस जीत पर विद्यालय परिवार ने हर्ष एवम प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेम ने बच्चों की इस जीत पर बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना भी की।

पंजाब के युवक ने लगाई थी पुलिस से गुहार, सीओ सदर शैलेष त्रिपाठी ने कराया वापस

प्रखर मिजार्पुर। बीटेक की पढ़ाई करने वाले छोटे भाई हरमन सिंह की 22 हजार रुपया फीस जमा करने के लिए पेट्रोल टंकी पर काम करने वाले मनजोत गूगल पे का सोमवार को सहारा लिया। डिजिट लिखने में जरा सी गलती हुई और रुपया जिले के नुआव गांव में दूसरे खाता धारक के खाते में चला गया। जिस पर वार्ता किया गया तो युवक ने मोबाइल स्विच आफ कर दिया। वाहनों में तेल भरने का काम करके परिवार चलाने वाले युवक मनजोत ने पंजाब से उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर की पुलिस से गुहार लगाई। लिहाजा योगी आदित्यनाथ की पुलिस युवक की गुहार पर सक्रिय हो गई। मोबाइल आफ करने के बावजूद खाता धारक को दबोच लिया। सीओ सदर शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही मनजोत के खाते में पैसा चला जाएगा। हुआ यह कि मनजोत खुद पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। वह अपने छोटे भाई हरमन सिंह को खूब पढ़ाना चाहता है। उसकी फीस जमा करने के लिए उसने अपने खाते से गूगल पर के द्वारा एक नंबर पर 22, 000 भेजना था। लिहाजा उसने पे करने के लिए सारे ऑप्शन को पूरा किया। लेकिन अंको के लास्ट डिजिट में उससे गलती हो गई। लिहाजा रुपया पंजाब के बजाय मिजार्पुर में दूसरे खाते में आ गया। विभिन्न माध्यमों से पता करते हुए उसने एसपी मिजार्पुर से गुहार लगाई। मामला संवेदनशील होने के नाते एसपी ने सीओ सदर शैलेश त्रिपाठी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। श्री त्रिपाठी ने जवानों को पता लगाकर खाता धारक को लाने के लिए भेजा। अनायास 22000 खाते में आने पर युवक का मन डोल गया था। वह मोबाइल का स्विच ऑफ कर घूम रहा था। लेकिन पुलिस की चाह ने उसे युवक को थाने पहुंचा ही दिया। लिहाजा अब पुलिस खाते में आए हुए रकम को मनजोत के खाते में रिटर्न कराने तैयारी में लगी है।

फर्जी/कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा करने वाले गैंग का पर्दाफाश

50 लाख का फ्रॉड का खुलासा, 3 शातिर जालसाज गिरफ्तार, फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाने में प्रयुक्त एक अदद सीपीयू मय हार्ड डिस्क बरामद

प्रखर मिजार्पुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा को जनसुनवाई के दौरान एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ । जिसमें आवेदिकासुरसत्ती देवी पत्नी स्व0 रामकृष्ण उर्फ रामकिशुन निवासिनी वार्ड न.14 सिकटिया परशुरामपुर थाना मुगलसराय जनपद चंदौली द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध फर्जी दस्तावेज व आधार कार्ड तैयार कराकर अवैध ढ़ग से जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराने के सम्बंध में तहरीर दी गयी ।पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी निरीक्षक अदलहाट को यथाशीघ्र अभियोग पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन के आधार पर घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के क्रम में थाना अदलहाट, जनपद मीरजापुर पर मु0अ0सं0-143/2022 धारा 419, 420,467, 468, 471 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में थाना अदलहाटव0उ0नि0 वंशनारायण यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में आज दिनांकः 14.12.2022 को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से 03 नफर अभियुक्तों 1.रमेश यादव पुत्र कल्लू यादव निवासी पचेंगड़ा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, 2.संदीप कुमार पुत्र रामपरावन निवासी राजूपुर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, 3.सन्तोष कुमार प्रजापति पुत्र मिठाईलाल निवासी भरतपुर बियरही थाना जमालपुर जनपद मीरजापुरको गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त रमेश यादव उपरोक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद कारतूस व अभियुक्त संतोष कुमार प्रजापति उपरोक्त की कम्प्यूटर की दुकान से फर्जी आधार कार्ड तैयार करने में प्रयुक्त एक अदद सीपीयू मय हार्ड डिस्क बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रमेश यादव के कब्जे से बरामद अवैध तमंचे के सम्बन्ध में थाना अदलहाट मु0अ0सं0-237/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्तगणद्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर जमीन सम्बन्धित जालसाजी की जाती थी। अभियुक्त रमेश यादव उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अपनी मौसी सुरसत्ती देवी की जमीन का फर्जी आधार कार्ड तैयार कर सुरसत्ती देवी के स्थान पर फुलवन्ती देवी उर्फ फुलपत्ती देवी उर्फ शान्ति को खड़ा करके अपनी मिलीभगत से षड़यत्र के तहत अपने नाम का रजिस्ट्री करा लिया सुरसत्ती देवी का नकली आधार कार्ड संतोष कुमार प्रजापति उपरोक्त द्वारा अपनी कम्प्यूटर की दूकान से तैयार किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा योजना बद्ध तरीके से फर्जी/कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करीब 50 लाख रू0 का फ्राड कर वादिनी सुरसत्ती देवी उपरोक्तका फर्जी आधार कार्ड तैयार कर जमीन हड़पने के नीयत से बैनामा करावाया था।

आदिवासी जनजाति समुदाय के संवैधानिक मानवाधिकार का दमन कर रही भाजपा सरकार

बलिया। निकाय चुनाव 2022 में अनुसूचित जनजाति हेतु वार्ड सदस्य/सभासद की सीटे आरक्षित करने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में जिले के आदिवासी जनजाति गोंड, खरवार समुदाय का धरना 13 दिसम्बर मंगलवार छठवें दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर धरने का नेतृत्व कर रहे इंडियन पीपुल्स सर्विसेज (आईपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविंद गोंडवाना ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आदिवासी जनजाति समुदाय के संवैधानिक मानवाधिकार का दमन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ तो जनजातीय गौरव दिवस मनाने का दिखावा करती है तो वही दूसरी तरफ आदिवासी जनजाति समुदाय के संवैधानिक अधिकारों को धीरे-धीरे समाप्त करने पर तुली हुई है। जनजाति गोंड, खरवार समुदाय के छात्रों का अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र भी सुगमतापूर्वक जारी नहीं किया जा रहा है। इनका उत्पीड़न चरम पर है। ऐसी स्थिति में एकजुट संगठित संघर्ष छेड़ने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नजर नहीं आता है।

जूना भी जनाना

खरी खरी

■ मनीषा

औरतों को लेकर मर्दवादी सोच तनिक बदली नहीं है। लैंगिक समानता की बातें बनाना और उन्हें व्यावहारिक धरातल पर उतारना, दो बिल्कुल विपरीत बातें हैं। मनोविज्ञान तौर पर, जैसा आप सोचते हैं बिल्कुल वैसे ही तब्दील हो चले जाते हैं। पुरुषों के लिए ब्लैक डिशवॉश आया और खांटी मर्दवादी सोच से भरी कंट्रोवर्सी हो गयी। बात इतनी बढ़ी कि कंपनी को सफाई देनी पड़ी। जाहिर है, तमाम घरेलू कामों की तरह, बर्तन धोना औरतों के जिम्मे आता है। पुरुषों के बर्तन धोने से उनकी मर्दानगी भले ही कमजोर नहीं होती, मगर मर्दाना ऐंठ चुटहिल जरूर होती है। काला बर्तन धोने वाला तरल पदार्थ पुरुषों के इस्तेमाल वाला प्रचारित किया गया। सुपर मॉडल रहे मिलिन्द सोमण व एमटीवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में तस्वीर चस्पां की। जिसमें वह नामी कंपनी हिन्दुस्तान लीवर के काला विम को प्रमोट कर रहे थे। जो खासकर पुरुषों के लिए बनाया गया। यहां से चालू हुई जबरदस्त ट्रोलिंग। इसे जेंडर डिस्क्रिमिनेशन बताने वालों ने तरह-तरह की बातें बनायीं। हो-हल्ले पर उत्पादकों ने काला लिक्विड को सिर्फ मजाक बता दिया। सीधा पुरुषों को संबोधित करते हुए कंपनी ने अपने ओपन लैटर में लिखा- प्यारे मर्दों यह केवल जोक था। काले पैक के लिए हम गंभीर नहीं हैं लेकिन हम पुरुषों के घरेलू काम करने को लेकर अतिगंभीर हैं। इसमें यह भी कहा- नौजवानों यह हम अपने बोतल (दिल) के बॉटम से कह रहे हैं। स्पष्ट किया- केवल बोतल का डिजाइन बदला है, भीतर का तरल पहले जैसा ही है। यह आपकी भी रसोई है, यह जताने के लिए यह नया आकार है। बर्तन धोना सबके लिए एक जैसा, तो लिक्विड भी एक होगा ना। तंजिया तौर पर अंत में उन्होंने पंक्ति जोड़ी, इस कैम्पेन को बनाने में किसी मर्द को कोई नुकसान नहीं हुआ है। अब जरा विज्ञापन को समझ लें। एक जवान जिम में शेखी बघार रहा है कि वह बर्तन साफ करने में अपनी मां की मदद करता है। कहता है- वो थोड़ी थकान हो गयी थी। दरअसल, कल रात मैंने सारे बर्तन धोये थे। मम्मी की हेल्प कर देता हूं कभी-कभी और करनी भी चाहिए। यह सब वह लड़की को बता रहा है। तभी सीन में मिलिन्द सोमण घुसते हैं, कहते हैं- वाह बेटा वाह, क्या डींग मारी है... क्या तुम्हें मजा आया? काला लिक्विड दिखाते हुए कहते हैं- अब वह बर्तन धोकर शेखी बघार सकता है। ट्रोलिंग और धींगामुश्ती के बाद कंपनी ने केवल सफाई ही नहीं दी। बल्कि कंपनी के पोर्टफोलियो में प्रोडक्ट आउट ऑफ स्टॉक दिखने लगा और कीमत भी जीरो हो गयी।

पुरुषों को भी घरेलू कामों में हाथ बंटाना चाहिए, यह कोई नया विचार नहीं है। बावजूद इसके कि अपने यहां नाममात्र कीमत के बदले श्रम आसानी से खरीदा जाता है। खासकर अनस्किल्ड कामगारों की बहुतायत में मौजूदगी सस्ता श्रम मुहैया कराती है। थोड़े से पैसों के बदले घरेलू सहायकों की उपलब्धि मुश्किल नहीं है। बर्तन, फटका-झाड़ू, कपड़े जनाना काम रहे हैं। अभी भी इन कामों को लेकर पुरुष कंधे उचकाते हैं और शेखी बघारते हुए स्वीकारते हैं कि उनको यह सब करना ही नहीं आता। जबकि ये घरेलू काम बिना किसी प्रशिक्षण के, अनुभवों से धीरे-धीरे सीख लिये जाते हैं। अब जबकि एक बड़ी कंपनी पुरुषों को घर के जूठे बर्तनों को धोने/ साफ करने के प्रति जिम्मेदार बनाना चाह रही है तो पुरुषों के तेवर बदल गये। यह कहना कि बर्तनों को धोने के लिए मर्दाना और जनाना डिटरजेंट लैंकिग भेदभाव है, गले नहीं उतरता। जिस समाज में नहाने का साबुन से लेकर क्रीम तक जनाना/मर्दाना जरूरतों पर बिकती हैं। वहां हाथों की कोमलता का ख्याल करके यदि सार्थक प्रयास होता है तो वह चुभा क्यों? अव्वल तो यह विचार ही है। बाजार में अपनी धाक जमाये रखने के लिए यह कंपनी ऐसे प्रयोग करती रही है। तकरीबन दो साल पहले भी क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग का बर्तन धोते हुए विज्ञापन आया था। जिसमें पीछे चल रही कमेंट्री में सहवाग के खेल की प्रसंशा हो रही है। फिर पिछले साल के विज्ञापन में नजरिया बदलों, देखो बर्तनों से आगे कैम्पेन चलाया गया। हिन्दुस्तान यूनिलीवर डिशवॉशिंग डिटेरजेंट बनाने वाली शीर्ष कंपनियों में है। देश में बर्तन धोने वाले उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। टेकसी रिर्सच के अनुसार, वित्तवर्ष 2021 में इसका बाजार लगभग पौने छह मिलियन डॉलर का बताया गया। जिसके 2027 तक साढे तेरह हजार डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

काला बर्तन धोने वाला तरल पदार्थ पुरुषों के इस्तेमाल वाला प्रचारित किया गया। सुपर मॉडल रहे मिलिन्द सोमण व एमटीवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में तस्वीर चस्पां की। जिसमें वह नामी कंपनी हिन्दुस्तान लीवर के काला विम को प्रमोट कर रहे थे। जो खासकर पुरुषों के लिए बनाया गया। यहां से चालू हुई जबरदस्त ट्रोलिंग। इसे जेंडर डिस्क्रिमिनेशन बताने वालों ने तरह-तरह की बातें बनायीं। हो-हल्ले पर उत्पादकों ने काला लिक्विड को सिर्फ मजाक बता दिया

मैं इस बात से भी इत्तेफाक रखती हूं कि यह कंपनी की निगेटिव पब्लिसिटी का फंडा हो सकता है। अपने पारंपरिक खांटी समाज में रसोई के भीतर घुसकर उस जनाना काम को टारगेट करना, जिसके लिए आकर्षक हीरोइन से प्रचार कराया जाता है। इधर विज्ञापन बाजार में यह ट्रेंड सेट किया जा रहा है। जहां किचन में परिवार का वरिष्ठ पुरुष गैस के आगे कुछ पका या परोस रहा है। वह कराहती स्त्री की कमर में दर्दनिवारक बाम होले से मल रहा है। हो सकता है, यह स्त्री मन को छूता हो। अपने टारगेट कस्टमर के मन में अपने प्रोडक्ट को ढंग से बिठाने के लिए कंपनियां खासी मशक्कत करती हैं। वास्तविकता में कुछ संवेदनशील मर्द घरेलू कामों में हाथ ही बंटाते, बल्कि उनमें खासी रुचि भी लेते हैं। वे औरतों पर पड़ने वाली अतिरिक्त जिम्मेदारियों का अहसास भी करते हैं और मदद करने में सकुचाते नहीं। वे सहर्ष सब्जी काटते हैं, मटर छीलते हैं, झाड़ू मारते हैं और कपड़े सूखने के लिए अरगनी पर भी डालते हैं। फिर भी अभी बड़ी उन खांटी मर्दो की है, जिनके लिए घर के काम स्त्रैण हैं। स्त्री की तो दासता का आलम ऐसा है कि वह आज भी संकोचवश पुरुषों को रसोई में जाने से रोकती है। बर्तन धोना तो दूर की बात हैं। वे खुद को इन कामों का एक्सपर्ट जताती हैं। उनके दिलो-दिमाग में बैठा है, घर के सारे काम स्त्री के लिए तय हैं। तमाम पुरुष घरेलू कामों को फिजूल व तुच्छ भी मानते हैं। मेरी तमाम घरेलू सहायिकाएं बताती रहीं हैं कि काम से वापिस लौटकर वे घर का सारा काम खुद निपटाती हैं। उनमें से कइयों के पति तो निखट्टू थे। जो धेला कमाते नहीं पर ऐंठ वही मर्दाना। मैं बात किसी हाउस हसबैंड की नहीं कर रही। उसे तो करना ही चाहिए, यह सब। यह उसका नैतिक दायित्व है। यह समझ की बात है कि यदि औरत पुरुष की तईं कमा सकती है तो पुरुष घर के काम क्यों नहीं कर सकता। झाड़ू, कूंचे पुरुषों के प्रयोग के लिए अलग से बनें या डिटर्जेंट अलग बनाया जाए, काम में हाथ तो उन्हें लगाना ही होगा। बर्तन धोने वाले प्रोडक्ट को भले ही आज कंपनी ने छिपा लिया। वह वक्त जल्द ही आयेगा, जब पुरुषों का बड़ा वर्ग स्वयं स्वीकारेगा कि घरेलू काम केवल स्त्रियों की जिम्मेदारी नहीं होते। तब भी, जबकि वह कमाऊ ना हो। क्योंकि उसे भी तो अवकाश की दरकार होती है। वह भी कुछ रोज का आराम चाह सकती है। 24 घंटों, सातों दिन, बारहों महीने घर के काम करते-करते वह उकता भी तो जाती है। उसे कोई वीकली ऑफ ना दो, मेडिकल लीव ना दो, रेस्ट तो दे दो। मालिक भी तो कभी अवकाश पर जाता है। ऐसे उसे सब कामों से मुक्ति देकर कुछ घंटों का सुकून देकर देखो। बर्तनों को मांजने के साथ, अपने मन/ अपनी सोच को भी जरा करीने से धोकर चमकाओ। जिसके लिए अब तक ना कोई लिक्विड बना है, ना डिटर्जेंट। ■

भारतीय यात्रियों की जिज्ञासा और यात्रा रुझान

उपभोक्ता शोध से पता चला है कि भारत जिज्ञासु यात्रियों का देश है। दो-तिहाई (64%) भारतीय यात्रियों ने कहा है कि 2023 में दुनिया देखने की अनुमति देने के लिए वे अपने दैनिक खर्चो में कटौती करने को तैयार हैं। यूगोव द्वारा किए गए कायक शोध में 1,900 से अधिक भारतीय यात्रियों की राय ली गई और पाया गया कि महामारी के परिणामस्वरूप लगे यात्रा प्रतिबंधों ने लोगों की यात्रा की भूख बढ़ा दी है। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले तीन-चौथाई (78%) लोग 2023 में यात्रा पर वापस जाने को लेकर उत्साहित हैं। यात्रा की इच्छा के मुख्य कारण के रूप में दुनिया की खोज (62%) , सपनों को जीना (61%), रोमांच की तलाश (55%), खुद को खोजना (48%) और चिंताओं से बचना (43%) हैं।

सर्वेक्षण में शामिल 60% लोग खुद को जिज्ञासु यात्री मानते हैं। जिज्ञासा से भी समृद्ध करने वाले अनुभव होते हैं, क्योंकि भाग लेने वाले 75% लोगों ने आमतौर पर नए और लीक से हटकर गंतव्यों की खोज करके अपनी जिज्ञासा शांत की। 73% ने यात्रा के दौरान नए भोजन के अनुभवों की खोज की, जबकि 70% नए लोगों से मिले और पिछली यात्राओं के दौरान विभिन्न संस्कृतियों के लोगों को दोस्त बनाए थे। सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से लगभग आधे लोगों (49%) ने पूर्व- महामारी की तुलना में अपनी यात्रा के लिए अधिक पैसा या समान राशि खर्च करने की योजना बनाई है। 60% से अधिक यात्रियों शीर्ष विचार हैं। फ्लाइट और होटल बुक करना तथा 80% लोग 2023 में यात्रा के लिए चार लाख रुपए या उससे कम खर्च करना चाहते हैं।

भारतीय यात्रियों की छुट्टियों की योजनाओं के लिए स्थिरता के विचार भी महत्वपूर्ण हैं, 43% लोगों ने गर्मियों की छुट्टियों के लिए स्थिरता मुख्य मानदंड होगी। सर्वेक्षण किए गए अधिकांश भारतीय यात्रियों के लिए 2023 टू-डू लिस्ट में यात्रा शीर्ष पर होने के साथ, 77% ने पिछले 12 महीनों में अधिक लोगों को सोशल मीडिया पर छुट्टियों की तस्वीरें पोस्ट की। यात्रियों के लिए 'मी टाइम' विचार बन रहा है, जिसमें 38% का कहना है कि वे 2023 में अकेले यात्रा करना पसंद करते हैं। नियंत्रण, स्वतंत्रता और लचीलापन एकल यात्राएं चलाने वाले प्रमुख कारक हो सकते हैं। (अप्रैल-नवंबर 2022 बीच) 2019 के पूर्व-महामारी स्तरों की तुलना में लगभग 204% बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए, सर्च में लगभग 168% की वृद्धि हुई है और घरेलू उड़ानों की खोज में लगभग 257% की वृद्धि हुई है। देश के अंदर होटल खोजने के मामलों में लगभग 54% की वृद्धि हुई। 2019 की तुलना में अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए टिकट लगभग 23% और घरेलू उड़ान लगभग 66% महंगे हो गए हैं।

■ श्रीजीत घोष

विवाह बाजार

विवाह का मौसम चल रहा है। बताया जाता है कि अपने यहां विवाह का बाजार अरबों रुपए का है। पिछले दिनों शादी के बदलते मानदंडों पर एक खबर पढ़ी। वह थी कि सरकारी नौकरी को लेकर अभी भी लड़की वालों में खासा आकर्षण है। माना जाता है कि सरकारी नौकरी का मतलब है, जीवन भर की सुरक्षा। इसलिए यदि कोई लड़का दो लाख रुपए साल का कमाता है, तो उसे आराम से दस लाख रुपए नकद दहेज मिल जाता है। कोई पांच लाख सालाना कमाए तो कीमत और कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा विवाह में दिया जाने वाला अन्य सामान तो है ही। यही नहीं इन दिनों लोगों में वेन्यू को लेकर खासा आकर्षण है। कहा जाता है कि भाई शादी किसी फाइव स्टार होटल या फार्म हाउस या शहर के सबसे मशहूर बैंक्वेट हॉल में होनी चाहिए। कई बार शादी के तमाम खर्चे के मुकाबले वेन्यू का खर्चा बराबर होता है। लड़की वाले बहुत बार मजबूरी में लड़के वालों की मांगों के आगे अपना घर, मकान, दुकान बेच देते हैं या गिरवी रख देते हैं।

यही है जिंदगी

■ क्षमा शर्मा

किसी को उनकी स्थिति पर दया नहीं आती। हां कहने को कहते रहते हैं कि हम बड़े करुणा के सागर हैं, दया की प्रतिमूर्ति हैं। क्यों कोई नहीं चाहता कि उसके घर में लड़कियां पैदा हों। क्यों लड़कियों को सैक्स डिटेक्शन के जरिए जन्म से पहले ही मार दिया जाता है। इस तरह करोड़ों लड़कियां हमारे समाज से बिना जन्मे ही गायब हो चुकी हैं। इन अभागी लड़कियों के न रहने का दुःख भी भला कौन मनाता है। एक लड़की की शादी में जब घर, द्वार, खेत, बिक जाते हैं तो सोचें कि कई लड़कियां हों, तो क्या हो। शादी ऐसी घटना है, जिसके लिए दोनों तरफ के माता-पिता कहते हैं कि यह कौन सी बार-बार होनी है, एक ही बार होनी है। इसलिए ऐसी हो कि देखने-दिखाने लायक हो। देखने दिखाने, समाज इज्जत को पैसे का पर्याय बना दिया गया है। जितना ज्यादा दहेज मिलेगा, उतनी ही इज्जत और सम्मान मिलेगा। वैसे हर रोज हम भाषण सुनते हैं कि विवाह तो सात जन्म का रिश्ता है। लेकिन यदि दहेज न मिले तो इस रिश्ते को टूटने में सात जन्म तो क्या, कुछ पल ही काफी होते हैं। तब हमें न तो कोई परंपरा याद आती है, न संस्कृति, न जनम-जनम के रिश्ते ही। शादी और लेन-देन को लेकर दुराग्रह इतने ज्यादा हैं कि हर कोई परंपरा की दुहाई देकर अधिक से अधिक माल खींचना चाहता है। इन दिनों लड़कियां जब पढ़-लिख गई हैं, अपने पैरों पर खड़ी हैं, कई बार तो अपने होने वाले दूल्हे से भी ज्यादा शिक्षित हैं, उससे भी ज्यादा पैसे कमाती हैं, तब भी उनकी शादी में कोई कम खर्चा नहीं होता। यदि दुर्योग से शादी न चले और लड़की की शादी दोबारा करनी पड़े, तो घरवालों में पर कितना आर्थिक बोझ पड़ता है, इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है। पहले तो कोई-कोई विवाह ही टूटता था, अब तो जिस तरह तलाक बढ़ रहे हैं, उसमें यह भी कोई गारंटी नहीं कि जिस शादी पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, वह कितने दिन चलेगी। बेशक दहेज हत्याएं कुछ कम हुई हों, लेकिन लड़कियों को मारने के लिए तरह-तरह के हथकंडे खोज लिए जाते हैं। कई बार तो लगता है कि दहेज के विरोध में जो भी आंदोलन चले हैं या कानून बने हैं, उनसे न कोई फायदा हुआ है, न कोई उन्हें मानता है, न ही किसी को इनका डर है। अगर कानून से कोई डरतहोता तो अब तक दहेज का सर्वनाश हो गया होता। पर ऐसा हुआ नहीं है। निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई संभावना भी नहीं दिखती। ■

कढ़ाही एग

■ अनिता घोष

सामग्री- 6 उबले अंडें, एक कप दही, एक बड़ा चम्मच कार्नफ्लॉर, एक बड़ा चम्मच मैदा, 2-3 हरी मिर्च कटी हुई, एक चम्मच अदरक लहसुन पेस्ट, कटा हरा धनिया एक चम्मच, एक छोटा चम्मच चीनी, एक चुटकी काली मिर्च, आधा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च, एक छोटा चम्मच साबुत जीरा, एक चम्मच काजू पेस्ट, एक चम्मच वेनिगर, नमक स्वादानुसार, तेल आवश्यकतानुसार।

विधि- एक बाउल में आधा कप दही फेटकर इसमें उबला अंडा डालें। फिर इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट, हल्दी आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, एक छोटा चम्मच नमक, आधा चम्मच चीनी, आधा, आधा चम्मच सिरका डालकर मिक्स कर लें। अब मेरिनेट अंडों को 4-5 घंटे के लिए फ्रिज में रखें। अब मेरिनेट अंडे को फ्रिज से निकाल कर उसमें मैदा और कॉनफ्लोर मिलाएं। अब कढ़ाही में तेल डालें। तेल गरम होने पर अंडा डालकर मध्यम आंच पर ब्राउन होने तक फ्राई करें। अब फ्राई अंडों को एक प्लेट में निकाल कर रख लें। अब एक बाउल में सॉस बनाने के लिए बचा हुआ दही फेंटकर उसमें काली मिर्च, लाल मिर्च एक चुटकी कश्मीरी लाल मिर्च और नमक मिलाएं। अब दही के इस मिश्रण में मिक्सी में पिसा हुई लहसुन की कलियां, आधा चम्मच चीनी और थोड़ा सा पानी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद एक फ्राई पैन में तेल डालकर तेल को गरम करें और जीरे का तड़का लगाएं। अब दही वाला सॉस डालकर 2 मिनट तक मध्यम आंच पर पकाएं। फिर सॉस में फ्राईड अंडों को इस मिश्रण में डाल दें। 5-7 मिनट तक पकाएं। जब अंडों का पानी सूख जाए तो गैस बंद कर दें। तैयार हो गया कढ़ाही एग। गरमा गरम पराठें के साथ सर्व करें।

गोभी रोगन जोश

सामग्री- एक बड़ी गोभी, 4-5 लहसुन, कटा हरा धनिया एक चम्मच, एक चम्मच अदरक हरी मिर्च बारीक कटी हुई, आधा कप दही, एक चुटकी काली मिर्च, एक चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च, एक छोटा चम्मच साबुत जीरा, एक चम्मच काजू पेस्ट, 4-5 छोटी इलायची, 1-2 दालचीनी, 4-5 लौंग, आधा चम्मच हल्दी, नमक स्वादानुसार, तेल आवश्यकतानुसार।

विधि- सबसे पहले गोभी को धोकर टुकड़ों में काट लें। अब मिक्सी में सारे मसालें पीस लें। एक कटोरी में गोभी और पिसा हुआ मसाला डालें। अच्छे से मिलाकर एक घंटे के लिए मैरिनेट करने के लिए छोड़ दें। तय समय के बाद कढ़ाही में तेल डालकर गरम करें। जब तेल गरम हो जाए उसमें इलायची, लौंग और दालचीनी डालें। अब आंच धीमी करके मैरिनेट किया हुआ गोभी डालें। थोड़ी देर तक पकाएं। नमक और कश्मीरी मिर्च डालें। एक कटोरी दही को अच्छी तरह फेंट लें। अब यह दही कढ़ाही वाले गोभी में डालें। धीमी आंच पर गोभी को पकने तक पकाए। गोभी नरम होने के बाद आंच बंद कर दें। गरमा-गरम गोभी रोगन जोश रोटी, या चावल के साथ सर्व करें। ■

ब्यूटी

■ शहनाज हुसैन

ब्राइडल हेयर केयर एंड स्टाइल्स

शादी के दिन सुंदर दिखने के लिए हफ्तों पहले से देखभाल करनी पड़ती है। यदि शादी से कुछ महीने पहले बालों की देखभाल के कार्यक्रम का पालन करते हैं तो स्वस्थ बाल प्राप्त करना वास्तव में मुश्किल नहीं है। सुनिश्चित करें कि शरीर अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति में है। स्वस्थ बालों के लिए पोषण और अच्छा ब्लड सर्कुलेशन बेहद जरूरी है।

दैनिक आहार में ताजे फल और सब्जियां, पनीर, दही, स्प्राउट्स, अंडे, मेवे और बीज शामिल होने चाहिए। ताजे फल और सब्जियों के रस को पानी में घोलकर लें। हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके बालों में लगाएं। फिर तौलिये को गर्म पानी में डुबायें, निचोड़ कर पानी निकाल दें और गर्म तौलिए को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट लें। इसे 5 मिनट तक लगा रहने दें। गर्म तौलिये के लपेट को 3 या 4 बार दोहराएं। यह बालों और स्कैल्प को तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है। रात भर लगा रहने दें। अगले दिन बाल धो लें।

शैम्पू के बाद तौलिए से रगड़ने से बचें। सिर के चारों ओर तौलिया लपेटें और इसे नमी सोखने दें। गीले बालों को ब्रश करने से बचें। चौड़े दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करें, सिरों से शुरू होकर स्कैल्प की ओर बढ़ते हुए सभी उलझनों को सुलझाने के लिए। जितना हो सके अपने बालों को प्राकृतिक रूप से सूखने दें।

हेयर पैक के लिए मूंग की दाल को रात भर पानी में भिगो दें। अगली सुबह दाल पीसकर संतरे का रस और एलोवेरा जेल मिलाएं। बालों में लगाएं और आधे घंटे बाद सादे पानी से धो लें। यह पोषण देता है, सफाई करता है, तैलीयता कम करता है और शरीर और चमक जोड़ता है।

बालों में चमक लाने के लिए चाय के पानी और नींबू से धोएं। इस्तेमाल की हुई चाय की पत्तियों को फिर से पर्याप्त पानी में उबाल लें। उबालने के बाद लगभग 4 से 6 कप चाय का पानी होना चाहिए। इसे ठंडा करके छान लें। एक नींबू का रस मिलाएं और इसे शैम्पू के बाद आखिरी बार धो लें।

रूखे बालों को पोषण देने के लिए इसे दूध से धो लें और 5 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पानी से धो लें। यह बालों में चमक लाने में मदद करता है और सूखे और क्षतिग्रस्त बालों को मुलायम बनाकर पोषण भी देता है।

दुल्हन के हेयर स्टाइल

शादी से पहले कॉकटेल और डिनर के लिए, खुले छोड़े हुए लंबे बाल, लहरों और कर्ल के संयोजन के साथ ग्लैमरस दिखेंगे। कर्ल बालों के निचले आधे हिस्से की ओर होने चाहिए।

फूलों के साथ पारंपरिक रूप के लिए, बालों का एक हिस्सा रखा जा सकता है, जबकि एक हिस्सा खुला छोड़ दिया जाता है, कंधे पर गिरते हुए बालों में फूलों को झरने के समान सजाया जाता है। अथवा जो भाग खुला रह जाता है, उसके चारों ओर फूलों की माला लपेटी जा सकती है। बालों को सजाते हुए छोटे चमकदार स्टोन भी लगाए जा सकते हैं।

बालों को और आकर्षक बनाने के लिए बालों में फैंसी जूड़ा पिन, सजावटी कॉम और आभूषण से भी सजाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, सोने का ब्रोच या लॉकेट बीच में पिन किया जा सकता है, अगर बालों को ऊपर रखा गया हो। पूरे बालों में छोटे फूल भी लगाए जा सकते हैं। अधिक परिपूर्णता जोड़ने के लिए पतले बालों पर हेयर एक्सटेंशन का उपयोग किया जा सकता है। अगर रोमांटिक लुक चाहते हैं तो रिंगलेट्स को कंधे के स्तर के ठीक नीचे रखें। बड़े रोलर्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।

यह स्टाइल उन लोगों के लिए है जो अपने बालों को ढंकना चाहते हैं, ऑर्गेनाज, टिश्यू और यहां तक कि शुद्ध जाल का उपयोग ओढ़नी के लिए कर सकते है, ताकि हेयर स्टाइल, फूल या बालों के सामान दिखाई दे सकें। ■

टैरो

ऋचा श्रीवास्तव

(14-20 दिसम्बर)

मेष (21मार्च -20अप्रैल)- कुछ वक्त लगेगा व्यवसाय हो या नौकरी दोनों ही क्षेत्र में उन्नति के द्वार खुलेंगे। आर्थिक निवेश करने के पूर्व अच्छे से जानकारी ले लें अन्यथा हानि उठनी पड़ सकती है। ऐसा कोई काम न करें जिसमें जोखिम हो अन्यथा परेशानी बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन में मतभेद की सम्भावना हैं, समझदारी से काम लें। वैवाहिक जीवन में कटुता आ सकती है। धार्मिक कार्यो में मन लगाएं।

वृषभ (21अप्रैल -21मई)- जहां भी जाएंगे, प्रशंसा एवं प्यार मिलेगा। नौकरीपेशा लोग अच्छा करेंगे और स्थिर रहेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छे रिश्ते का आनंद लेंगे। विवाह का योग बन रहा है। सामाजिक सम्बन्ध मजबूत होंगे। नौकरी के नए अवसर मिलेंगे। प्रॉपर्टी भी खरीद सकते हैं। कार्यस्थल पर स्थिरता और काम के प्रति लगन को देखते हुए प्रमोशन और इंक्रीमेंट भी मिल सकता है।

मिथुन (22मई -21जून)- नौकरी या व्यवसाय में उतार चढ़ाव आ सकता है। संतुलन ना खोएं। आशा की उम्मीद रखें, कार्य संपन्न होगा। उच्चाधिकारियों के साथ सही तालमेल बिठाएं। उनसे सही समय पर विचार व्यक्त करें। नए विचारों पर काम करें। भावुक होकर व्यर्थ की खरीदारी से बचने की जरु रत है। मन को स्थिर रखें। प्रतिदिन सुबह सैर करें और अनुलोम-विलोम का अभ्यास करें।

कर्क (22जून -22जुलाई)- सामाजिक और पेशेवर दायरे में सुर्खियों में रह सकते हैं। बदलाव का पेशेवर जीवन पर स्थाई और सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। व्यवसाय विस्तार की योजना बना सकते हैं और उससे पूर्ण करने का प्रयास कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ समय निकालें और कुछ मनोरंजक गतिविधियों में शामिल हों। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ना बरतें।

सिंह (23जुलाई -21अगस्त)- स्वभाव में उग्रता रहेगी और उदास महसूस करेंगे। समायोजन आवश्यक है। धैर्य रखना होगा और हस्तक्षेप से बचने की जरु रत है। फिजूलखर्चो से बचें। जीवनसाथी अथवा साझेदार से मनमुटाव हो सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। रुके हुए कार्य पूर्ण होने में थोड़ा वक्त और लग सकता है। योग अथवा व्यायाम अपनाएं।

कन्या (22अगस्त -23सितम्बर)- खुद कि देखभाल करें, थका हुआ महसूस कर रहे हों इसीलिए समय अपने लिए निकालें। निराश और तनावग्रस्त होने के बजाय जीवन को बड़े परिप्रेक्ष्य में देखने कि कोशिश करें। खर्चो को सीमित करके पैसे को संभाल कर रखें। वैवाहिक जीवन में असंतोष का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सबको साथ लेकर चलना जरूरी है।

तुला (24सितम्बर -23अक्टूबर)- कार्यक्षेत्र में चुनौतियां होंगी क्योंकि काम का दबाव बना रहेगा। काम मन मुताबिक सहयोग नहीं मिल पाएगा। अवांछनीय यात्राओं से हानि और परेशानी हो सकती है। खान पान और सेहत के प्रति लापरवाही ना बरतें। वैवाहिक जीवन में मनमुटाव की सम्भावना है। विद्यार्थी वर्ग को बहुत मेहनत करने की जरु रत है। साझेदारी से सावधान रहें और किसी पर भरोसा ना करें।

वृश्चिक (24अक्टूबर -22नवम्बर)- मेहनत भरपूर लगानी पड़ेगी। नई दिशा निर्धारित करने के लिए गहन अध्ययन करना पड़ेगा। कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना लें। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। बजट कि योजना बनाना और अनुत्पादक व्यय से बचें। परिजन के साथ गुणवत्ता का समय बिताएंगे और छोटी यात्राओं पर भी जाएंगे।

धनु (23नवम्बर -22दिसम्बर)- कार्यक्षेत्र में कुछ संघर्ष और चुनौतियां ला सकता हैं। साथियों के साथ कुछ टकराव का सामना करेंगे, जो मन कि शांति को भांग करेगा। ऑफिस की राजनीति के कारण भी चिंतित महसूस कर सकते हैं। सभी बाधाओं के बावजूद सकारात्मक रवैया रखने कि सलाह दी जाती है, क्योंकि इससे प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी। धार्मिक कार्यो में रूचि बढ़ेगी।

मकर (23दिसम्बर -20जनवरी)- पेशेवर जीवन धीमा रहेगा। कार्यस्थल पर प्रेरणा और सराहना की कमी होगी। करियर में असंतोष मन को अशांत करेगा। मौजूदा कार्यो पर ध्यान दें। अभी बदलाव के लिए समय अनुकूल नहीं है। किसी भी निवेश करने से बचें। जीवनसाथी के छोटी छोटी बातों पर तकरार और झगडे का सामना करेंगे। कठिन समय में एक दूसरे पर भरोसा करना ही मजबूत बंधन बनाने की कुंजी है।

कुम्भ (21जनवरी -19फरवरी)- नए मौके और नए प्रस्ताव लेकर आएगा। जिस चीज के बारे में बहुत दिनों से सोच रहे थे, उसके लिए प्रयासों को सही दिशा देने में भी सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के कयास सफल रहेंगे। खुद का काम करना चाहते हैं तो आगे बढ़ें। सफलता कदम चूमेगी। कार्य को लेकर विदेश यात्रा के भी योग हैं।

मीन (20फरवरी -20मार्च)- नए मौके और नए प्रस्ताव लेकर आएगा। जिस चीज के बारे में बहुत दिनों से सोच रहे थे, उसके लिए प्रयासों को सही दिशा देने में भी सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के आपके प्रयास सफल रहेंगे। कुछ नया करना बेहतरीन रहेगा। खुद का काम करना चाहते हैं तो बिलकुल आगे बढ़ें। सफलता आपके कदम चूमेगी। कार्य को लेकर विदेश यात्रा के भी योग हैं। ■

यात्री वाहनों की थोक बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

■ नवम्बर में दर्ज की गई 28 फीसद की बढ़ोतरी ■ यूटिलिटी वाहनों और कारों की मांग में इजाफा

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री नवम्बर, 2022 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 2,76,231 इकाई पर पहुंच गई। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी आफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों और कारों दोनों की मजबूत मांग के चलते यह वृद्धि देखी गई है। नवम्बर, 2021 में डीलरों को 2,15,626 यात्री वाहनों की आपूर्ति कराई गई थी।

यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 32 प्रतिशत बढ़कर 1,38,780 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,05,091 इकाई रही थी। इसी तरह, यात्री कारों की आपूर्ति भी इस दौरान 29 प्रतिशत बढ़कर 1,30,142 इकाई हो गई। नवम्बर 2021 में 1,00,906 यात्री कारों आपूर्ति कराई गई थी।

हालांकि वैन की बिक्री पिछले महीने घटकर 7,309 इकाई रह गई। नवम्बर 2021 में 9,629 वैन बिकी थीं। पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 12,36,190 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 10,61,493 इकाई थी। इस दौरान मोटरसाइकिल की बिक्री भी बढ़कर 7,88,893 इकाई हो गई, जो पिछले साल नवम्बर में 6,99,949 इकाई थी।

स्कूटर की थोक बिक्री बढ़कर 4,12,832 इकाई और कुल तिपहिया वाहनों की बिक्री बढ़कर 45,664 इकाई हो गई।

- यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री 32 फीसद बढ़ी
- यात्री कारों की बिक्री में हुई 29 फीसद की बढ़ोतरी
- दुपहिया वाहनों की बिक्री में 16 फीसद वृद्धि

गोवा में पर्यटकों की संख्या महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद

पणजी (भाषा)।

गोवा सरकार को चालू सीजन में पर्यटकों की आवाजाही महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले 2019 में गोवा में 81 लाख पर्यटक आए थे।

राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि उत्तरी गोवा जिले में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के उद्घाटन से इस क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। गोवा में पर्यटन का सीजन आमतौर पर नवम्बर में शुरू होता है और फरवरी तक चलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अनुमान के अनुसार, पर्यटकों की संख्या वर्ष 2019 के स्तर तक पहुंच जाएगी। यानी इस सत्र में पर्यटकों की आवाजाही 81 लाख के आसपास रहेगी।

G20 फाइनेंस ट्रैक बैठक शुरू

बेंगलुरु (भाषा)।

भारत की जी20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में चल रही है। बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, अवसंरचना और टिकाऊ वित्त पर सत्रों का आयोजन होगा।

जी20 इंडिया के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, ''जी20 'फाइनेंस ट्रैक' की पहली बैठक चल रही है। इसमें वैश्विक व्यापक आर्थिक मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना को आकार देने के लिहाज से 'फाइनेंस ट्रेक' जी20 के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।' इस तीन दिन की बैठक से 'फाइनेंस ट्रैक' एजेंडा पर वार्ता की शुरुआत हुई है। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक संयुक्त रूप से कर रहे है। जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की अगुवाई वाले 'जी20 फाइनेंस ट्रैक' में आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों पर गौर किया जाएगा। यह वैश्विक आर्थिक विमर्श और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा।

वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में 23-25 फरवरी, 2023 को होगी। जी20 'वित्तीय और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों' की बैठक की सह-अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा कर रहे है। जी20 सदस्य राष्ट्रों और कई अन्य देशों के उनके समकक्षों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भारत ने बैठक में शामिल होने का न्योता दिया है।

बेंगलुरु की बैठक में भारत की जी20 अध्यक्षता में 'फाइनेंस ट्रैक' एजेंडा पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

- इस बैठक में वैश्विक आर्थिक मुद्दों पर हो रही है चर्चा
- वित्त मंत्रालय और आरबीआई कर रहे बैठक की अध्यक्षता
- वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक 23 फरवरी से

सेंसेक्स की गिरावट थमी, 403 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)।

खुदरा मुद्रास्फीति के 11 माह में पहली बार छह प्रतिशत के स्तर से नीचे आने से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी देखी गई और दोनों प्रमुख सूचकांक अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 402.73 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,533.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 437.35 अंक तक उछाल दर्ज किया गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 110.85 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,608 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। वहीं, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट आई। यूरोप के शेयर बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी सोमवार को लाभ में बंद हुए थे।

विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े छह प्रतिशत के नीचे आने से निवेशक उत्साहित दिखे। नवम्बर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.88 प्रतिशत रही है जो पिछले 11 माह का निचला स्तर है।

बिजली विधेयक पर सुझाव के लिए एआईपीईएफ ने मांगा तीन महीने का समय

नई दिल्ली (भाषा)।

बिजली क्षेत्र में काम करने वाले इंजीनियरों के संगठन आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 पर टिप्पणी करने के लिए सरकार से तीन महीने का समय मांगा है।

इस संबंध में, एआईपीईएफ ने कहा कि उसने ऊर्जा पर स्थायी समिति को एक पत्र लिखा है। एआईपीईएफ ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 पर संबंधित पक्षों से टिप्पणियां आमंत्रित करने का सरकार का फैसला स्वागत योग्य कदम है। संगठन ने कहा, 'एआईपीईएफ ने सोमवार को ऊर्जा पर स्थायी समिति से बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 पर विस्तृत टिप्पणी प्रस्तुत करने के लिए तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया है।'

एआईपीईएफ के मुख्य संरक्षक, पदमजीत सिंह ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों के बिजली इंजीनियर विस्तार से अपनी टिप्पणी देने के इच्छुक हैं। पंद्रह दिन का समय काफी कम है।

10 लाख करोड़ का बैंक लोन बट्टे खाते में

■ बैंकों ने अपने बहीखाते से इस रकम को हटाया

नई दिल्ली (भाषा)।

बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपए के फंसे कर्ज (एनपीए) बट्टे खाते में डाले हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में कहा कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) या फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हुए उसे संबंधित बैंक के बहीखाते से हटा दिया गया है। इसमें वे फंसे हुए कर्ज भी शामिल हैं जिसके एवज में चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान किया गया है।

सीतारमण ने कहा, 'बैंक आरबीआई के दिशानिर्देशों तथा अपने-अपने निदेशक मंडल की मंजूरी वाली नीति के अनुसार पूंजी का अनुकूलतम स्तर पर लाने लिए अपने अपने बहीखाते को दुरुस्त करने, कर लाभ प्राप्त करने और पूंजी के अनुकूलतम स्तर प्राप्त करने को लेकर नियमित तौर पर एनपीए को बट्टे खाते में डालते हैं। आरबीआई से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपए की राशि को बट्टे खाते में डाला है।'

उन्होंने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में कर्ज को डालने से कर्जदार को लाभ नहीं होता। वे पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बकाए की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है। बैंक उपलब्ध विभिन्न उपायों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए राशि को वसूलने के लिये कार्रवाई जारी रखते हैं।

संक्षिप्त खबरें

आडी का रिवाइर्ड्स प्रोग्राम

मुंबई। लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी आडी ने आडी क्लब रिवाइर्ड्स प्रोग्राम के तहत भारत में 150 से ज्यादा पार्टनरों को शामिल किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नए पार्टनर ब्राण्ड में आजियो लक्स, ट्रूफिट एण्ड हिल, ओबेरॉय होटल्स, मोंट ब्लैंक, लक्जरी चार्टर्स बाय एवियन प्राइव, पुलमैन होटल, रोजिएट हाउस, कोस्टा क्रूज, इवोकस, नप्पा डोरी, इक्का दुक्का, माशा आर्ट्स, टेलरमेड, लक्जरी एफनबी और शेफ गौतम चौधरी आदि शामिल हैं। आडी के ग्राहक ऑडी क्लब रिवाइर्ड्स के साथ तैयार अनुभवों, खास छुट्टियों, लक्जरी खरीदारी, आदि के माध्यम से बेजोड़ लक्जरी का अनुभव ले सकते हैं।

एचपी के स्मार्ट टैंक प्रिंटर

नई दिल्ली। एचपी इंडिया ने स्मार्ट टैंक प्रिंटरों की नई रेंज पेश की है। कंपनी के प्रिंटिंग सिस्टम्स के वरिष्ठ निदेशक सुनीश राघवन ने इसे पेश करते हुए कहा कि इस प्रिंटर में सेल्फ-हीलिंग वाई-फाई और स्मार्ट ऐप व स्मार्ट एडवांस के साथ घूमने-फिरने की आजादी मिलती है। एचपी के नए इंक टैंक प्रिंटर पहले से भरे इंक सप्लाई के साथ 18,000 ब्लैक पेज या लगभग 6,000 रंगीन पेज बिना किसी परेशानी के प्रिंट कर सकते हैं। इसके तीन माडल हैं जिसमें एचपी स्मार्ट टैंक 580 की कीमत 18,848 रुपए, एचपी स्मार्ट टैंक 520 की कीमत 15,980 रुपए और एचपी स्मार्ट टैंक 210 की कीमत 13,326 रुपए है।

गारंटीड फार्च्यून प्लान लांच

नई दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने एक नान-लिंक्ड, नान-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना 'गारंटीड फार्च्यून प्लान' लांच किया है। कंपनी ने कहा कि यह नई पेशकश एक पीओएस (पाइंट आफ सेल), जीवन बीमा उत्पाद भी है। इसमें दो तरह के विकल्प हैं। पहला विकल्प गारंटीड सेविंग्स आप्शन लक्ष्यों को हासिल करने की इच्छा रखने वालों के लिए है और पालिसी की अवधि पूरी होने तक जीवित रहने पर एकमुश्त राशि देता है। दूसरा विकल्प गारंटीड कैश बैक आप्शन ग्राहकों को पालिसी के हर पांच साल के बाद निश्चित कैश बैक के रूप में लिक्विडिटी देता है।(एजेंसी)

उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी करने वाला पहला देश बनेगा भारत

■ ट्राई के चेयरमैन पीडी वाघेला ने कहा, स्पेक्ट्रम नीलामी निवेश आकर्षित करने के लिहाज से डिजाइन की जाए

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाला पहला देश होगा। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन पीडी वाघेला ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इसे क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की दृष्टि से 'डिजाइन' किया जाना चाहिए।

वाघेला ने सैटकॉम पर ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के सम्मेलन में कहा कि ट्राई जल्द ही इस क्षेत्र में कारोबार सुगमता के लिए विभिन्न मंत्रालयों सूचना और प्रसारण, अंतरिक्ष और दूरसंचार से उपग्रह संचार के लिए आवश्यक मंजूरियों को आसान बनाने के लिए सिफारिश करेगा। उन्होंने कहा कि ट्राई को नीलामी के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम और उपग्रह आधारित संचार के संबंधित पहलुओं के संदर्भ में दूरसंचार विभाग से एक संदर्भ प्राप्त हुआ है। वाघेला ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत अंतरिक्ष आधारित स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाला पहला देश होगा। हम इसपर काम कर रहे है।'

वाघेला ने कहा, 'लेकिन इससे इस क्षेत्र को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह बहुत महत्वपूर्ण है। हम जो भी प्रणाली ला रहे है वह वास्तव में इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए है, न कि कोई बोझ बढ़ाने के लिए। मेरा मतलब है, हमारे सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है और हम इस तथ्य से अवगत है।' ट्राई द्वारा अभी तक उपग्रह संचार के लिए निर्धारित मानक प्रक्रिया के अनुसार स्पेक्ट्रम नीलामी पर परामर्श पत्र लाना बाकी है। इस परिपत्र की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वाघेला ने कहा कि ट्राई एक उपयुक्त माडल के लिए दुनियाभर के विशेषज्ञों और नियामकों के साथ चर्चा कर रहा है और इसके बाद परामर्श पत्र जारी किया जाएगा। दूरसंचार परिचालकों ने उपग्रह संचार के लिए नीलामी के जरिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने का प्रस्ताव दिया है।

एफटीएक्स के पूर्व सीईओ फ्राइड बहामास में गिरफ्तार

न्यूयार्क (भाषा)।

क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार से जुड़ी कंपनी एफटीएक्स के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम बैंकमैन फ्राइड को अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर सोमवार को बहामास में गिरफ्तार कर लिया गया।

एफटीएक्स पिछले महीने धराशायी हो गई थी और दोनों देश फ्राइड के खिलाफ अपराधिक मामले की जांच कर रहे है। एफटीएक्स ने दिवालिया संरक्षण के लिए 11 नवम्बर को आवेदन किया था। यह कंपनी अरबों डालर के संकट की वजह से धाराशायी हो गई थी। अमेरिकी अटार्नी डामियन विलियम्स ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''अमेरिकी सरकार के अनुरोध बहामास के अधिकारियों ने सैमुअल बैंकमैन फ्राइड को गिरफ्तार कर लिया है।'' फ्राइड एक दिन बाद ही सदन की वित्तीय सेवा समिति के समक्ष गवाही देने वाले थे लेकिन इससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डामियन ने कहा कि फ्राइड पर लगे अभियोग का खुलासा मंगलवार को हो सकता है।

रेलवे स्टेशनों के मौद्रीकरण का प्रस्ताव वापस लिया गया

परियोजनाओं का क्रियान्वयन इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) माध्यम से किया जा रहा है

नई दिल्ली (भाषा)।

रेल मंत्रालय ने सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी (पीपीपी) के जरिये रेलवे स्टेशनों का मौद्रीकरण करने का प्रस्ताव वापस ले लिया है और अब इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) माध्यम से किया जा रहा है।

एक सूत्र ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, 'बड़ी परिसंपत्ति वाली श्रेणी (स्टेशनों) के बारे में प्रस्ताव वापस ले लिया गया है। पीपीपी माडल पर इन स्टेशनों के मौद्रीकरण के लिए लाए गए प्रस्ताव की जगह अब इन परियोजनाओं को ईपीसी माडल पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

ईपीसी माडल में इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण गतिविधियां संचालित की जाती है। अब रेलवे स्टेशनों के लिए यही मॉडल अपनाया जा रहा है। सूत्र ने कहा कि रेल मंत्रालय को अब ट्रेनों, मालगोदाम, पर्वतीय रेल, स्टेडियम, रेलवे कॉलोनी एवं रेलवे के पास मौजूद जमीन के मौद्रीकरण में तेजी लाने को कहा गया है। राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत रेलवे चालू वित्त वर्ष में अभी तक सिर्फ 1,829 करोड़ रुपए ही जुटा पाया है जबकि लक्ष्य 30,000 करोड़ रुपए रखा गया था। सूत्र ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में रेल परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण से 4,999 करोड़ रुपए ही जुट पाने का अनुमान है।

रेलवे स्टेशनों का पीपीपी मॉडल से मौद्रीकरण किए जाने का प्रस्ताव वापस लिए जाने के बारे में टिप्पणी के लिए रेल मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गत 14 नवम्बर को नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परमेश्वरन अय्यर के साथ एक बैठक में एनएमपी योजना की प्रगति का जायजा लिया था।

बीएसई ने 148 दिन में अपने मंच पर एक करोड़ निवेशकों को जोड़ा

नई दिल्ली (भाषा)। प्रमुख स्टाक एक्सचेंज बीएसई ने 148 दिन की अवधि में अपने मंच पर एक करोड़ पंजीकृत निवेशक खाते जोड़े हैं, जिसके साथ उसके पास ऐसे कुल खातों की संख्या 12 करोड़ हो गई है।

बीएसई ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसने इस साल 18 जुलाई से 13 दिसम्बर के बीच एक करोड़ निवेशकों के खाते जोड़े। बीएसई को 11 करोड़, 10 करोड़, नौ करोड़ और आठ करोड़ खातों के पड़ाव तक पहुंचने में इससे पहले क्रमशः 124 दिन, 91, 85 और 107 दिन का वक्त लगा था। एक्सचेंज ने कहा, ''बीएसई ने 13 दिसम्बर, 2022 को यूनिक क्लाइंट कोड (यूसीसी) के आधार पर 12 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के पड़ाव को पार कर लिया।''

इन 12 करोड़ उपयोगकर्ताओं में से 42 प्रतिशत खाताधारक 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हैं, 23 प्रतिशत 20 से 30 वर्ष में और 11 प्रतिशत 40 से 50 आयु वर्ग के हैं।

कुल 12 करोड़ निवेशकों में से 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र निवेशकों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके बाद गुजरात 10 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश नौ प्रतिशत और राजस्थान एवं तमिलनाडु प्रत्येक छह-छह प्रतिशत पर रहे। हालांकि एक्सचेंज ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने खाते सक्रिय हैं या सिर्फ म्यूचुअल फंड निवेश के लिए उपयोग किए जाते हैं। वर्ष 1875 में स्थापित बीएसई (पूर्व में बाम्बे स्टाक एक्सचेंज) छह माइक्रोसेकेंड की गति के साथ दुनिया का सबसे तेज शेयर बाजार है।

पीएलआई योजना में चयनित कंपनियों से जल्द करार करेगी सरकार

नई दिल्ली (भाषा)।

इस्पात मंत्रालय विशिष्ट इस्पात के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत चुनी गई कंपनियों के साथ जल्द समझौते करेगा जिसके बाद कंपनियों के निवेश प्रस्ताव आगे की प्रक्रिया में जाएंगे।

इस्पात मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि योजना में चयन के बाद कंपनियों को मंजूरी पत्र भेजे जा चुके है। सरकार ने शुक्रवार को विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 42,500 करोड़ रुपए के निवेश की संभावना वाले 67 आवेदनों का चयन किया था। प्रस्तावित निवेश से 70,000 रोजगार अवसरों के अलावा 2.6 करोड़ टन विशेष प्रकार के इस्पात की क्षमता सृजित होने का अनुमान है।

अब आगे के कदमों के बारे में अधिकारी ने बताया, ''पीएलआई के लिए चुनी गई कंपनियां मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर जल्द हस्ताक्षर करेंगी।' उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और सेल समेत पांच प्रमुख इस्पात कंपनियों का पात्र इकाइयों की सूची में दबदबा है। इन कंपनियों में टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, सेल के अलावा जेएसपीएल और एएमएनएस इंडिया भी शामिल है।

इसके अलावा, गैलेंट मेटालिक्स, श्याम मेटालिक्स फ्लैट प्रोडक्ट्स और सनफ्लैग आयरन एंड स्टील जैसी कुछ अन्य कंपनियों को पीएलआई योजना के तहत निवेश के लिए चुना गया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल जुलाई में देश में विशिष्ट इस्पात का उत्पादन बढ़ाने के लिए 6,322 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में शामिल किए गए विशिष्ट इस्पात उत्पादों में कोटेड/प्लेटेड इस्पात उत्पाद, मिश्र धातु इस्पात उत्पाद और इस्पात की तार आदि शामिल है।

फोस्टिमा के 100 फीसद छात्रों को मिला प्लेसमेंट

नई दिल्ली (एसएनबी)।

फोस्टिमा बिजनेस स्कूल ने 2021-23 के बैच के 10 लाख के औसत पैकेज के साथ अपना कैंपस प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। एआईसीटीई अनुमोदित पीजीडीएम प्रोग्राम के शिक्षाविदों ने इस वर्ष प्री प्लेसमेंट ऑफर में 30 फीसद की वृद्धि हासिल की है। समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट के लिए छात्रों ने इस वर्ष दो महीने के लिए 80 हजार तक का स्टाइपेंड प्राप्त किया है। फोस्टिमा ने प्रतिष्ठित कारपोरेट कंपनियों में आकर्षक वेतन पर अच्छे प्रोफाइल के साथ 100 फीसद प्लेसमेंट दी है। यहां के एक छात्र का उच्चतम पैकेज 25 लाख सालाना है।

उच्चतम पैकेज 25 लाख सालाना का रहा

फ्रांस के पास लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने का मौका

दोहा। गत चैंपियन फ्रांस मोरक्को के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए पूरी तैयार के साथ मैदान पर उतरेगी है।

फ्रांस के पास अनुभव की कमी नहीं है, उन्हें इस मैच में जीत के लिए आत्मविश्वास की आवश्यकता है। फ्रांसीसी यूरोपीय चैम्पियनशिप 2016 में उपविजेता रही थी। मौजूद टूर्नामेंट में फ्रांस के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर नए रिकॉर्ड कायम किए। इन चार खिलाड़ियों में सबसे पहला नाम स्ट्राइकर ओलिवियर गिरौद का है। इस साल के गोल्डन बूट के बड़े उम्मीदवार एसी मिलान फॉरवर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो गोल किये और फ्रांस के लिए थियरी हेनरी के 51 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद उन्होंने पोलैंड के खिलाफ शुरूआती गोल के साथ रिकॉर्ड तोड़ा और पिछले शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ विजयी गोल के साथ इसे 53 तक पहुंचा दिया।काइलियन एम्बाप्पे ने इस विश्वकप में अब तक पांच गोल दागे। 24 वर्षीय एम्बाप्पे के फुटबॉल करियर में अब नौ गोल हो गए है। इस उम्र तक महान पेले के सात गोलों किए थे। वहीं क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पूरे करियर की तुलना में एम्बाप्पे ने अधिक गोल किए हैं। इस टूर्नामेंट में फ्रांसीसी हमले के खतरे पर जोर देते हुए, हेनरी के 27 के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एंटोनी ग्रीजमैन की इंग्लैंड के खिलाफ दो सहायता फ्रांसीसी राष्ट्रीय टीम के लिए कुल मिलाकर 28 हो गई। हालांकि तथ्य यह है कि एम्बाप्पे के पास पहले से ही 18 सहायता हैं और अंत में, गोलकीपर हुगो लोरिस इंग्लैंड के खिलाफ फ्रांस के हीरो में से एक थे, जिन्होंने कई बेहतरीन बचाव किए और इंग्लैंड के दूसरे पेनल्टी में हैरी केन के खिलाफ मानसिक लड़ाई भी जीती। लोरिस ने फ्रांस के लिए 143 कैप के लिलियन थुरम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, अपने देश के लिए अपने 143वें मैच में ऐसा किया।

फीफा विश्वकप: सेमीफाइनल में मोरक्को से होगी टक्कर

मोरक्को की ताकत अभेद्य रक्षण

मोरक्को ना सिर्फ विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है, बल्कि इसने अपने दमदार अभियान में विपक्षी टीम के किसी खिलाड़ी को गोल करने का मौका भी नहीं दिया। कनाडा के ऊपर 2-1 की जीत में मोरक्को के विरुद्ध जो एकमात्र गोल हुआ भी वह उनके अपने खिलाड़ी नायेफ एगर्ड ने ही किया। बेल्जियम और स्पेन जैसी बड़ी टीमों को धराशाई करने वाली मोरक्को अगर फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट जीतने की दावेदार है, तो निस्संदेह इसका श्रेय उसके रक्षण को जाता है। मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुई ने उन्हें एक दुर्जेय रक्षात्मक इकाई बना दिया है। स्पेन के खिलाफ सुपर-16 मैच में सिर्फ 23 प्रतिशत समय के लिये ही मोरक्को के पास बॉल रही, लेकिन फिर भी मैच एटलस लायन्स के पक्ष में गया। स्पेन बॉल पर 73 प्रतिशत कब्जा रखने के बावजूद गोल पर सिर्फ दो बार ही निशाना लगा सका। पुर्तगाल के विरुद्ध क्वॉर्टरफाइनल में भी मोरक्को का खेल बहुत आक्रामक नहीं था, लेकिन अभेद्य रक्षण और एन-नेसरी का शुरुआती गोल उन्हें जीत दिलाने के लिए काफी रहा। साल 2006 में इटली के बाद से कोई टीम इस तरह के रक्षण के साथ विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंची है। मोरक्को के विश्व कप अभियान से पहले हालांकि उनकी एकता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे। रेग्रागुई की 26 सदस्यीय-स्क्वाड में सिर्फ 12 खिलाड़ी मोरक्को में जन्मे थे, जबकि अन्य 14 अलग-अलग यूरोपीय देशों से आकर अपनी मातृभूमि के लिये खेल रहे थे।

फ्रांस- मोरक्को के बीच हेड-टू-हेड

अब तक फ्रांस और मोरक्को कुल पांच बार अंतर्राष्ट्रीय मित्रता में भिड़ंत हुई हैं। लेकिन दोनों के बीच विश्वकप में यह पहला मुकाबला होगा। दोनों के बीच अब तक इन पांच मैचों में फ्रांस ने तीन और मोरोक्को ने एक जीत हासिल की है। वहीं दोनों के बीच एक मैच ड्रॉ रहा। 1988 में फांस ने 2-1 से जीत हासिल की। 1998 में मोरोक्को ने पेनाल्टी शूटआउट में 2-0 से जीत दर्ज की। 1999 में फ्रांस 1-0 से विजय रहा। 2000 में फ्रांस ने मोरोक्को को 5-1 से मात दी। 2007 में मैच 2-2 से ड्रॉ रहा

टूर्नामेंट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

मोरोक्को ने इस विश्वकप के ग्रुप स्टेज में बेल्जियम और कनाडा को हराया। इसके बाद राउंड ऑफ-16 में उन्होंने स्पेन को मात दी और क्वॉर्टरफाइनल में पुर्तगाल को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकन देश बना। वहीं फ्रांस ने ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क को शिकस्त दी और ट्यूनीशिया के खिलाफ हार का सामना किया। फिर टीम ने राउंड ऑफ-16 में पोलैंड को हराया और क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

डब्ल्यूटीसी फाइनल पर टिकी होंगी भारत की निगाहें

भारत- बांग्लादेश के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से

चटगांव। लोकेश राहुल की कप्तानी में भारत जब बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की शुरुआत करेगा तो उसकी निगाहें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल पर जमी हुई होंगी।

डब्ल्यूटीसी के फाइनल से पहले भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में चार टेस्ट खेलने हैं। भारतीय टीम फिलहाल डब्ल्यूटीसी की तालिका में चौथे स्थान पर है और फाइनल में पहुंचने के लिए वह इन छह में से सिर्फ एक मैच ही हार सकती है। बांग्लादेश ने भले ही भारत पर टेस्ट क्रिकेट में कभी भी विजय हासिल नहीं की है, लेकिन पांच महीने बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप की ओर रुख करना भारत के लिए बड़ी चुनौती होगी। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में कप्तान राहुल पर एक अपेक्षाकृत अनुभवहीन टीम की अगुवाई का भी दबाव होगा। रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव भले ही गेंदबाजी में थोड़ा अनुभव लाते हैं, लेकिन वे भी करीब एक साल के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापस आ रहे हैं। सात साल बाद टेस्ट मैच में भारत की मेजबानी कर रही बांग्लादेश चटगांव में अपने रिकॉर्ड को लेकर आश्वस्त हो सकती है। बांग्लादेश ने जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम पर अपना पिछला मुकाबला मई 2022 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था, जहां मेजबान टीम ने 465 रन बनाये थे। उस मैच की तरह ही इस टेस्ट में भी बांग्लादेशी टीम से चोटग्रस्त तस्कीन अहमद और शाकिब अल हसन के गायब रहने की संभावना है। ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम और लिटन दास पर बड़ी पारियां खेलने की जिम्मेदारी होगी, जबकि इबादत हुसैन पर गेंदबाजों की अगुवाई करने का भार आ सकता है। भारत को अपने पिछले पांच में से तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि दो में उसे जीत मिली है। दूसरी ओर बांग्लादेश को पिछले पांच में से चार मैचों में हार मिली है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।

वीजा कारणों से पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे जयदेव उनादकट

भारत के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे क्योंकि वीजा कारणों से वह अभी तक यहां नहीं पहुंच पाए हैं। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार 31 वर्षीय उनादकट के वीजा दस्तावेज अभी तक तैयार नहीं हैं। यहां तक कि यदि वीजा से जुड़ा मसला सुलझ भी जाता है तब भी वह टेस्ट मैच शुरू होने के बाद ही यहां पहुंच पाएंगे।

रहीम और लिटन दास पर बड़ी पारियां खेलने की जिम्मेदारी होगी, जबकि इबादत हुसैन पर गेंदबाजों की अगुवाई करने का भार आ सकता है। भारत को अपने पिछले पांच में से तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि दो में उसे जीत मिली है। दूसरी ओर बांग्लादेश को पिछले पांच में से चार मैचों में हार मिली है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।

शिव ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडली में बनाया सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन का रिकॉर्ड

मेलबर्न। भारतीय तैराक शिव श्रीधर ने मंगलवार को यहां शॉर्ट कोर्स विश्व चैंपियनशिप की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडली हीट प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया। शिव ने एक मिनट और 59.80 सेकंड में हीट पूरी करके दो मिनट 02.42 सेकंड का अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। भारत के 22 वर्षीय तैराक ने 38 प्रतिभागियों की प्रतियोगिता में 30वां स्थान हासिल करके फाइनल के लिए क्वॉलीफाई किया। तमिलनाडु के कोयंबटूर निवासी शिव ने हाल ही में खेलो इंडिया विश्वविद्यालयी खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था।

भारत की महिला नेशन्स कप में लगातार दूसरी जीत

वैलेंसिया । भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशन्स कप 2022 में जापान को 2-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा है। भारत ने सलीमा टेटे (5वां मिनट) और ब्यूटी डुंगडुंग (40वां मिनट) के गोलों से जीत दर्ज की। जापान का एकमात्र गोल रुई ताकाशीमा ने 49वें मिनट में किया। भारत ने पहले मैच की तरह यहां भी आक्रामक शुरुआत की। नवजोत कौर ने पांचवें मिनट में सलीमा को पास दिया, जबकि सलीमा ने जापान के सर्किल में शानदार फुटवर्क का प्रदर्शन करते हुए गेंद को नेट में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। जापान ने पहले क्वार्टर के समाप्त होने से पूर्व एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन भारतीय रक्षण ने उन्हें स्कोर बराबर करने का मौका नहीं दिया।भारत ने दूसरे क्वार्टर में जापान पर हावी होते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये लेकिन उन पर स्कोर नहीं कर सके। गोलरहित दूसरे क्वार्टर के बाद भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, हालांकि इस बार भी गुरजीत कौर की ड्रैगफ्लिक क्रॉसबार के ऊपर से निकल गयी। भारत के लिये पदार्पण कर रही ब्यूटी ने 40वें मिनट में टीम को दूसरी सफलता दिलाई।

दृष्टिबाधित विश्वकप में भारत की लगातार तीसरी जीत

कटक। भारत ने मंगलवार को बाराबती स्टेडियम में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीसरे दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट विश्वकप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों सलमान और आबिद को शुरुआती तीन ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। बांग्लादेश के कप्तान मोहम्मद आशिकुर रहमान और मोहम्मद आरिफ ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर पारी को संवारा। आरिफ के 13वें ओवर में रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। उन्होंने 33 गेंद में 33 रन बनाए। रहमान का साथ देने इसके बाद तंजील उतरे और दोनों ने 61 रन की साझेदारी करके स्कोर 166 रन तक पहुंचाया। पारी की अंतिम गेंद पर विकेट गंवाने वाले रहमान ने 53 गेंद में 75 रन की पारी खेली। तंजील 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके जवाब में भारत के सलामी बल्लेबाजों टी दुर्गा राव और नकुल बड़नायक ने 8.3 ओवर में 95 रन की साझेदारी करके टीम को तेज शुरुआत दिलाई। नकुल 24 गेंद में 36 रन बनाकर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे।

पीकेएल: सेमीफाइनल में पहुंचा बेंगलुरु बुल्स

हैदराबाद । बेंगलुरु बुल्स ने मंगलवार को एलिमिनेटर के मुकाबले में दबंग दिल्ली को 56-24 से हराकर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरु बुल्स की जीत के नायक भरत (15 अंक) और विकास कंडोला (13 अंक) रहे। सेमीफाइनल में बेंगलुरु बुल्स का सामना 15 दिसंबर को जयपुर पिंक पैंथर्स से होगा। बेंगलुरु की टीम ने शुरू से अपना दबदबा बनाया और बढ़त हासिल की। उसने पहले हाफ के बाद 31-14 की मजबूत बढ़त हासिल कर रखी थी। उसने दूसरे हाफ में भी अच्छा प्रदर्शन किया और दबंग दिल्ली को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बेंगलुरु ने मैच की शुरुआत बेहद आक्रामक तरीके से की और विकास कंडोला की शानदार रेडिंग की बदौलत चार मिनट में ही दिल्ली को ऑल आउट करके नौ प्वाइंट की बढ़त हासिल कर ली। आठ मिनट बाद ही दिल्ली की टीम दोबारा ऑल आउट हो गई और बेंगलुरु के पास 14 प्वाइंट की बढ़त हो गई थी. बेंगलुरु के लिए विकास और भरत ने रेडिंग में लगातार शानदार काम किया तो वहीं दिल्ली की डिफेंस बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। रेडिंग में भी नवीन कुमार कुछ खास नहीं कर सके और अन्य रेडर्स ने भी निराश किया।

स्मृति मंधाना ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग

महिला टी-20 रैंकिंग में टॉप पर पहुंची मैकग्रा



दुबई । भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 में खेली गयी मैच जिताऊ पारी की बदौलत आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल कर ली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को नई रैंकिंग जारी करते हुए बताया कि स्मृति ने 11 रेटिंग पॉइंट हासिल किए, जिससे उनकी कुल रेटिंग 741 पॉइंट हो गयी है। स्मृति ने दूसरे टी-20 में 49 गेंदों पर 79 रन बनाये थे। इसके अलावा उन्होंने सुपर ओवर में 14 रन बनाकर भारत की रोमांचक जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। स्मृति 741 रेटिंग के साथ तीसरी रैंक पर बरकरार हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्रा ने रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। मैकग्रा ने दूसरे टी20 में70 रन बनाए, जिसकी बदौलत वह स्मृति के साथ-साथ अपनी हमवतन बेथ मूनी और मेग लैनिंग को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गयी हैं। मूनी ने इस साल तीन अगस्त को लैनिंग को पछाड़कर टी20 रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। मैकग्रा सिर्फ 16 टी20 मैचों के बाद नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। सबसे कम मैचों में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज की स्टैफनी टेलर (15 मैच) के पास है, जिन्होंने 2010 में यह उपलब्धि हासिल की थी। हाल के वर्षों में भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 मैच) टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली सबसे तेज बल्लेबाज रही हैं।

आईपीएल: मिनी ऑक्शन के लिए 405 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट

कोच्चि में 23 दिसंबर को 87 खिलाड़ियों की होगी नीलामी

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 के आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में आयोजित होने वाले मिनी ऑक्शन में होगी। नीलामी के लिए 991 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। मंगलवार को टीमों ने 369 नामों को शॉर्टलिस्ट किया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी की तरफ से 36 और खिलाड़ियों के नाम जोड़ने का आग्रह किया गया। इससे नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की संख्या 405 हो गई।

नीलामी में अधिकतम 87 स्लॉट उपलब्ध हैं, जिनमें से 30 तक विदेशी खिलाड़ियों के लिए स्लॉट किए जा रहे हैं। 19 विदेशी खिलाड़ियों पर 2 करोड़ प्राइज रखा गया है, जो उच्चतम बोली सीमा है। 405 खिलाड़ियों में से 273 भारतीय हैं और 132 विदेशी खिलाड़ी हैं जिनमें चार सहयोगी देशों के खिलाड़ी हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 119 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ी 282 हैं और 4 सहयोगी देशों से हैं। नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में 119 ऐसे हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट खेल लिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स को 11 खिलाड़ी खरीदने हैं और उनके पास सबसे कम 7.05 करोड़ रुपए ही बचे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के पास सबसे

अधिक 42.25 करोड़ रु. हैं और उन्हें ही सबसे अधिक 13 खिलाड़ी भी खरीदने हैं। सनराइजर्स और राजस्थान रॉयल्स को सबसे अधिक चार-चार विदेशी खिलाड़ी खरीदने हैं। लखनऊ सुपर जॉयंट्स के पास 23.35 और मुंबई इंडियंस के पास 20.55 करोड़ रु. शेष हैं। पंजाब किंग्स के पास दूसरे सबसे अधिक 32.2 करोड़ रु. हैं और उन्हें कुल नौ खिलाड़ी खरीदने है। पहले सेट में 6 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इसमें भारत के अजिंक्य रहाणे और मयंक अग्रवाल के अलावा इंग्लैंड के हैरी ब्रूक और जो रूट, न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन और साउथ अफ्रीका के राइली रूसो का नाम शामिल है।

फाइनल के दौरान हॉर्स राइडर घोड़े से गिरे

भोपाल। राजधानी की बिशनखेड़ी स्थित मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में मंगलवार को भोपाल में घुड़सवारी जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में सुबह आठ बजे से प्रीलिमिनरी शो-जंपिंग के मुकाबले शुरू हुए। जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार शो जम्पिंग के फाइनल के दौरान हॉर्स राइडर पहचान आर्मी मैन उत्तर प्रदेश के रवि कुमार घोड़े से गिर गए। घोड़े और राइडर को चोटें आईं, लेकिन घोड़ा फौरन खड़ा हो गया, जबकि एम्बुलेंस से राइडर को अस्पताल भेजा गया। रवि कुमार आर्मी म मेरठ में पदस्थ हैं। 2 दिन से ट्रेनिंग के दौरान ही दो राइडर घोड़े से गिर चुके हैं, जिसमें एक महिला राइडर और एक बच्चा शामिल है। मंगलवार को हुए इवेंट में चार खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल दिए गए, जिसमें से एक महिला खिलाड़ी भी शामिल रहीं। मध्य प्रदेश घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ी और किसान के बेटे राजू सिंह ने एशियन गेम्स के ट्रायल के पहले राउंड में क्वालीफाई कर लिया है। वे यहां घुड़सवारी जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने आए हैं। हर खेल में पुरुषों और महिलाओं के लिए दो श्रेणी होती हैं, लेकिन घुड़सवारी एकमात्र खेल है, जिसमें महिला-पुरुष के अलग-अलग इवेंट नहीं होते हैं।

तेंदुलकर के बेटे ने किया रणजी ट्रॉफी में डेब्यू

अर्जुन तेंदुलकर को राजस्थान के खिलाफ मैच में गोवा की टीम में मिली जगह

नई दिल्ली। भारत के घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट की रणजी ट्रॉफी 2022-23 सीजन की शुरुआत सोमवार से हो गई है। क्रिकेट के भगवान माने जाने वाले पूर्व भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा टीम के लिए अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का आगाज किया।

अर्जुन गोवा क्रिकेट असोसिएशन अकैडमी ग्राउंड, पोरवोरिम स्टेडियम में राजस्थान के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2022-23 के एलीट ग्रुप-सी के मैच का हिस्सा है। अर्जुन के रणजी में डेब्यू का श्रेय युवराज सिंह के पिता को योगराज सिंह को जाता है। हाल ही में वह योगराज सिंह से ट्रेनिंग लेते दिखाई दिए थे। अर्जुन इसी साल मुंबई को अलविदा कहकर गोवा से जुड़े है। अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा के लिए इस साल खेली गई सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी में सात मुकाबले खेले और 10 विकेट अपने नाम किए। साथ ही विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने सात मैच में 8 विकेट झटके थे। 23 वर्ष के अर्जुन बाएं हाथ के तेज



गेंदबाज हैं और बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। आईपीएल में पिछले दो सीजन से वह मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रहे हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी अपने पहले मुकाबले का इंतजार है। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कुछ समय पहले कहा था कि अर्जुन को प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के लिए अपने खेल के कुछ पहलुओं में सुधार करने की जरूरत है।

अब जब अर्जुन को डेब्यू का मौका मिला है तो हर किसी की निगाहें उनके प्रदर्शन है। इससे पहले वह लंबे समय तक भारतीय, मुंबई इंडियंस और इंग्लैंड टीम की ट्रेनिंग का हिस्सा भी रहे हैं। उनकी गेंद पर वनडे वर्ल्ड कप 2019 से पहले जॉनी बेयरस्टो चोटिल भी हो गए थे। गोवा ने एलीट ग्रुप सी में राजस्थान के खिलाफ पहले दिन स्टंप्स तक पांच विकेट पर 210 रन बनाए। गोवा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज सुमिरन अमोनकर 9 रन बनाकर आउट हुए। सिद्धेश लाड 17 और एकनाथ केरकर ने 3 रन की पारी खेली। सुयश प्रभुदेसाई 81 रन और अर्जुन तेंदुलकर चार बनाकर क्रीज पर हैं।

सौराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाला शहर है भावनगर

गुजरात के भावनगर शहर को तालाबों और मंदिरों का घर भी कहा जाता है। गुजरात के पश्चिम भाग में स्थित इस शहर की स्थापना सन् 1743 में भावसिंहजी गोहिल द्वारा की गयी थी। इतिहास में उल्लेख मिलता है कि उनके पूर्वज राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र से यहाँ आए थे। उस समय यह एक फलता-फूलता बंदरगाह था। भावनगर लगभग दो शताब्दी तक बड़ा बन्दरगाह बना रहा और यहाँ से अफ्रीका, मोजांबिक, जंजीबार, सिंगापुर और खाड़ी के देशों के साथ व्यापार चलता था। अब तो घोंघा और अलंग बंदरगाह पर जहाज तोड़ने का बहुत बड़ा उद्योग विकसित हो चुका है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह शहर 1947 तक एक रियासत की राजधानी था जिसका बाद में भारतीय संघ में विलय हो गया था। भावनगर का विक्टोरिया पार्क पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है माना जाता है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए शत्रुंजय हिल पर स्थित जैन मंदिर पलिताना और वेलवदर अभ्यारण्य है। दरबारगढ़ (शाही निवास) भावनगर के मध्य में स्थित है। बताया जाता है कि भावनगर के शासकों ने मोतीबाग और नीलमबाग महल को अपना स्थाई निवास बनाया था। यहां गाँधी स्मृति संग्रहालय है जहां गांधीजी से संबंधित पुस्तकें और गांधीजी के फोटो देखे जा सकते हैं। यहाँ पर सौराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली सामग्री का अच्छा-खासा संग्रह है। इसके अलावा भावनगर में बर्टन पुस्तकालय और तक्तेश्वर मंदिर भी प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। भावनगर देश का एक महत्त्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं औद्योगिक केंद्र भी है क्योंकि यहाँ कताई और बुनाई मिलें हैं। इसके अलावा यहाँ धातु-शिल्प, टाइल व ईंट बनाने के कारखाने, लोहे का ढलाईखाना और रासायानिक संयंत्र भी हैं। यहाँ केंद्रीय लवण एवं समुद्री रसायन शोध संस्थान भी है। इसके अलावा बंदरगाह पर स्थित लॉक गेट पूरे एशिया में अनोखा माना जाता है। साथ ही भावनगर में पढ़ाई के अनेकों अच्छे और बड़े संस्थान हैं जिनमें पढ़ाई के लिए देशभर से छात्र आते हैं। भावनगर आने की योजना बना रहे हैं तो आपको बता दें कि यह शहर देश के अन्य भागों से हवाई, रेल और सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा गुजरात राज्य परिवहन की बसें और प्राइवेटबसें इस शहर को गुजरात के अन्य शहरों से जोड़ती हैं।

दिल्ली: जैस्मीन शाह मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई टली

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली में जैस्मीन शाह को डीडीसीडी के पद से हटाने के उपराज्यपाल एलजी के आदेश को चुनौती देने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई मंगलवार को टल गई है। हाईकोर्ट शाह की याचिका पर अब 9 जनवरी को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जैस्मीन शाह को पद से हटाने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के बीच मतभेद है, इसलिए जीएनसीटी एक्ट के अंतर्गत मामले पर अंतिम निर्णय के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा गया है।

लोकतंत्र समर्थक प्रकाशक जिम्मी के केस में होगी देरी

हांगकांग, (एजेंसी)। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रकाशक जिम्मी लई के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक केस की सुनवाई मंगलवार को फिर टल गई। उन्हें केस में एक ब्रिटिश वकील की सेवा लेने से रोकने चीन के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। शहर के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन पर कार्रवाई के दौरान अगस्त 2020 में गिरफ्तार किए गए जिम्मी लई राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। अब बंद हो चुके लोकतंत्र समर्थक अखबार एपल डेली के संस्थापक लई (75) को बीजिंग द्वारा लागू रासूका के तहत दोषी करार दिए जाने की स्थिति में उम्र कैद की सजा हो सकती है।

ऑस्ट्रेलिया में गोलीबारी, जांच में जुटी पुलिस

सिडनी, (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड राज्य के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार सुबह बताया कि राज्य में हुयी गोलीबारी की घटना की बड़े पैमाने पर जांच की जा रही है। इस घटना में दो पुलिस अधिकारियों सहित कई लोगों की मौत हुयी थी। यह घटना सोमवार अपरान्न में वेस्टर्न डाउन्स में घटित हुय थी। इस घटना के समय चार पुलिस अधिकारी एक लापता व्यक्ति की जांच के संबंध में वेएंबिला में वेन्स रोड पर स्थित एक इमारत की तलाशी ले रहे थे। पुलिस अधिकारी, जब इमारत के पास जा रहे थे, तो वहां छिपे हुए दो सशस्त्र अपराधियों ने दो पुलिस अधिकारियों को गोली मार दी। इसके साथ एक आम नागरिक की भी गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, इस घटना में घायल हुए दो पुलिस अधिकारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नेपाली महिला से 1.50 किलो चरस मिली, गिरफ्तार

बहराइच (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक संयुक्त टीम ने बहराइच भारत-नेपाल सीमा के नज़दीक से एक नेपाली महिला के पास से करीब डेढ़ किलोग्राम चरस बरामद की है जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि महिला की पहचान नेपाल की नागरिक सुष्मिता शाही के तौर पर हुई है। उनके मुताबिक, उसके पास से बरामद नशीले पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में तकरीबन 70 लाख रुपए है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मादक पदार्थ, जाली नोट व अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए एसएसबी व पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त अभियान चला रखा है।

सुरक्षा मामलों से जुड़ी रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने जिला अदालतों की सुरक्षा के मामले हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में स्टेकहोल्डर्स से स्टेटस रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। दिल्ली हाईकोर्ट मामले में अगली सुनवाई 26 अप्रैल 2023 को करेगी। दिल्ली सरकार ने मामले में दिल्ली सरकार, बार एसोसिएशन और भवन सुरक्षा समिति के बीच बैठक के स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। दरअसल, सितंबर 2021 में रोहिणी कोर्ट में शूटआउट की घटना के बाद कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर स्वत: संज्ञान ले कर सुनवाई कर रहा है।

आज का इतिहास

- **1799:** अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन का निधन हुआ।
- **1911:** रोआल्ड एमंडसन ने दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले व्यक्ति बने।
- **1918:** बीकेएस आयंगर का जन्म। कर्नाटक के बेल्लूर में जन्मे आयंगर को देश का पहला योग गुरू होने का गौरव हासिल है।
- **1922:** नोबेल विजेता रूसी भौतिक विज्ञानी निकोले बासोव का जन्म।
- **1924:** हिंदी सिनेमा के पहले शोमैन राजकपूर का जन्म।
- **1946:** भारतीय नेता इंदिरा गाँधी के छोटे पुत्र संजय गाँधी का जन्म हुआ था।
- **1966:** गीतकार शैलेन्द्र का निधन हुआ।
- **1972:** अमेरिका द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अपोलो 17, वापस लौटा और इसी के साथ चंद्रमा के अन्वेषण का अमेरिका का अभियान समाप्त हो गया।

श्री अरबिंदो का जीवन एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब है: प्रधानमंत्री मोदी

श्री अरबिंदो के सम्मान में स्मारक सिक्का व डाक टिकट जारी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी और दार्शनिक श्री अरबिंदो को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में कंबन कलई संगम, पुडुचेरी में मंगलवार को वीसी के माध्यम से श्री अरबिंदो की 150वीं जयंती समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने श्री अरबिंदो के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कई बड़े आयोजन एक साथ होते हैं तो अक्सर उनके पीछे योग-शक्ति यानी एक सामूहिक और एकजुट करने वाली शक्ति होती है।

प्रधानमंत्री ने कई महान हस्तियों को याद किया जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया बल्कि राष्ट्र की आत्मा को भी नया जीवन दिया। उनमें से, तीन व्यक्तित्व, श्री अरबिंदो, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के जीवन में एक ही समय में कई महान घटनाएं हुईं। इन घटनाओं ने न केवल इन हस्तियों के जीवन को बदला बल्कि राष्ट्रीय जीवन में भी दूरगामी परिवर्तन लाए।

सुप्रीम कोर्ट जज के लिए हाईकोर्ट के पांच जजों के नाम की सिफारिश

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंगलवार को शीर्ष कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट के पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने की सिफारिश करने वाले पांच न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति पंकज मिथल (राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति संजय करोल (पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार (मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश), अहसानुद्दीन अमानुल्लाह (पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा (इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश) न्यायमूर्ति शामिल हैं।

ब्रिटेन में भारी हिमपात से आवागमन ठप

पारा -15 डिग्री सेल्सियस

लंदन में स्नोमैन बनाता एक व्यक्ति

लंदन, (एजेंसी)। ब्रिटेन में रात को तापमान में -15 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने के कारण आवागमन ठप हो गया है। द सन की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि यहां तापमान में भारी गिरावट आने से सड़कें, ट्रेनों और उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं। देश के नागरिक कंपकपाती ठंड में घरों के अंदर दुबकर बैठने को मजबूर हैं। यहां स्कूलों को बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने मोटर चालकों को उत्तरी और पूर्वी तटीय क्षेत्रों में लगातार हिमपात के कारण वाहन प्रयोग न करने की चेतावनी दी है। ब्रिटेन के मौसम विज्ञानी मैथ्यू लेहर्ट ने कहा कि इस सप्ताह तक लगातार हिमपात के कारण ठंड की स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी।

पीएम पद की रेस से हटते हुए सीएम नीतीश कुमार ने किया बड़ा ऐलान

2025 में महागठबंधन को लीड करेंगे तेजस्वी यादव

पटना, (एजेंसी)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को 2025 के चुनाव के लिए महागठबंधन का नेता बताया है। बापू सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह से बाहर निकलते हुए नीतीश कुमार से पत्रकारों ने जब पूछा कि क्या 2025 में तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन विधानसभा चुनाव लड़ेगा, तो मुख्यमंत्री ने तेजस्वी यादव को आगे करते हुए कहा -हां, एकदम करेगा।

2024 में दिया जीत का मंत्र

सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर खुद के पीएम रेस में न होने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि मेरा टारगेट 2024 में भाजपा को हटाना है ना कि प्रधानमंत्री बनना है। मालूम हो कि अगस्त में नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर महागठबंधन का दामन थामा था। मुख्यमंत्री ने हंसते हुए कहा कि यह तो तय है। हम तो शुरू से कह रहे हैं। इस बात पर तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नीतीश कुमार हमारे अभिभावक हैं हम उनके नेतृत्व में काम कर रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानमंडल परिसर में महागठबंधन के विधायक दल की संयुक्त बैठक में अपने बगल में बैठे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब इन्हें ही आगे बढ़ाना है। बैठक में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर कहा कि उनकी मंशा प्रधानमंत्री बनने की नहीं है, लेकिन सभी गैर भाजपा दलों को एकजुट कर दिल्ली की गद्दी से भाजपा को हटाना है।

तेजस्वी यादव बोले- 2024 की चुनौती अभी सामने

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी तो हमें अपनी प्रमुख चुनौती पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और वह 2024 का लोकसभा चुनाव है। हम सब मिल कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। इसके बाद की बात आगे देखी जायेगी। इसके पहले बैठक को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। लगातार मांगों के बावजूद विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे रही है। ऐसी स्थिति में राज्यहित में नीतीश कुमार ने जो फैसला लिया है, वह काफी सही है। हमें अपने नेतृत्व पर अपने नेता पर तथा सरकार पर भरोसा रखना है। हमारे कंधों पर भी बड़ी जिम्मेवारी है। हमारे साथ अनुभवी नेतृत्व है, चट्टानी एकता है एवं हमें सदन में नेता के साथ मिलकर काम करना है।

बागपत में 38 घंटे बाद कुएं से बाहर निकाला गया तेंदुआ

बागपत, (एजेंसी)। उप्र के बागपत के बिनौली थाना क्षेत्र के रंछाड गांव के जंगल में रविवार की रात कुएं में गिरे तेंदुए को वन विभाग के जवानो ने 38 घंटे बाद मंगलवार सुबह सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वाइल्ड लाइफ एसओएस मथुरा, मेरठ व वन विभाग बागपत की टीम ने यह सफल रेस्क्यू किया। अब इस तेंदुए को शिवालिक रेंज में छोड़ दिया जाएगा। दरअसल, बिनौली थाना क्षेत्र के रंछाड गांव में किसान रणवीर सिंह के खेत में एक खुला कुआं है। इसमें रविवार की रात किसी समय एक तेंदुआ अचानक गिर गया था। सोमवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन संशाधन और लखनऊ, मेरठ से आलाधिकारियों से अनुमति न मिलने के कारण तेंदुए का रेस्क्यू नहीं किया जा सका। देर शाम मेरठ मंडल वन विभाग के सीएफ गंगाप्रसाद, डीएम राजकमल यादव ने भी मौका मुआयना किया था। मंगलवार सुबह दिन निकलते ही यहां पर वाइल्ड लाइफ एसओएस मथुरा, मेरठ की टीम मौके पर पहुंच गई। ट्रेंकुलाइजर गन के माध्यम से दूसरे प्रयास में तेंदुए को बेहोश किया गया। बाद में कुएं में उतरकर टीम ने तेंदुए को बाहर निकाला।

युवाओं पर जमकर भांजी लाठियां

बिहार पुलिस ने पटना में मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर जमकर लाठियां भांजी। ये युवा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) और केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) की परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार थे। यह सभी प्रदेश सरकार से भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

धार्मिक विरासत से समृद्ध है उत्तर प्रदेश

मथुरा, (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि धार्मिक विरासत से समृद्ध उत्तर प्रदेश के लोगों के पूर्व जन्मों का पुण्य प्रताप है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम और द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण की जन्मभूमि वाले राज्य में उन्हें जन्म और कर्मभूमि के माध्यम से यहां सेवा का अवसर मिला।

श्री योगी ने मथुरा-वृंदावन में 822.43 करोड़ की 210 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। बच्चों का अन्नप्राशन कराया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार भेंट किया। सम्मेलन में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक, प्रशस्ति पत्र व नियुक्ति पत्र वितरित किया। नगर निगम के विकास कार्यों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया। इससे पहले उन्होने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन व आरती की। यहां उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

उन्होने कहा कि आठ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में आपने भाजपा के सभी विधायकों को जिताकर भेजा। चुनावी विश्लेषकों की टिप्पियों पर विराम लगाकर ब्रज भूमि ने साबित किया कि वह अत्याचार, शोषण, अन्याय, अधर्म व भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा हुआ। यही यहां का इतिहास रहा है। पांच साल में आपने मथुरा, बरसाना, नंदगांव, बलदेव, वृंदावन समेत बदलते ब्रज भूमि को देखा है। हमारा यूपी देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा सुंदर व स्वच्छ भी है। इंफ्रास्ट्रक्चर का कोई सानी नहीं है।

नए यूपी की प्रगति पर दुनिया आकर्षित

श्री योगी ने कहा कि यूपी की धरा को दुनिया कौतूहल भरी निगाहों से दिख रही है। नए भारत में नए यूपी की प्रगति पर दुनिया आकर्षित हो रही है। उन्होने कहा कि भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ रहा है। जीवन व जीविका को बढ़ाया रहा है। यूपी ने भी इसे लागू किया, इसलिए विकास के नए मॉडल के रूप में उन्नति कर रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 10 शहर चिह्नित थे। जो सात नगर निगम बचे थे, उनमें मथुरा-वृंदावन को भी जोड़ा। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) ने न केवल ट्रैफिक मैनेजमेंट, बल्कि कोरोना व कूड़ा प्रबंधन का भी कार्य किया। सीएम ने बताया कि कोरोना में मैं दो-दो बार यहां आया। उन लोगों के घर जाता था, जिनके यहां कोरोना से कोई पीड़ति होता था।

माघ मेला प्राधिकरण की बैठक संपन्न

प्रयागराज, (ब्यूरो)। खाक चौक के महात्माओं को बसाने हेतु 14 एवं 15 दिसंबर को किए जाने वाले भूमि आवंटन के दृष्टिगत माघ मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में एवं सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में खाक चौक के महात्माओं के साथ मंगलवार से समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में महात्माओं द्वारा की गई सभी मांग को सुनते हुए मेला प्रशासन ने उन्हें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस कार्य को महात्माओं की सेवा बताते हुए मेला अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य सेवा भावना के साथ करने को कहा है।

जीनापुर से शुरू होकर दुब्बी बनास तक पहुंचे राहुल

सवाईमाधोपुर, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को राजस्थान में नौवें दिन सवाईमाधोपुर जिले में खंडार के जीनापुर से सुबह छह बजे बाद शुरू हुई।

भारत जोड़ो यात्रा का 97वां दिन

गत सात सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा 97वें दिन मंगलवार को सवाईमाधोपुर जिले में चल रही है और इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के अन्य कई नेता एवं पदाधिकारी राहुल गांधी के साथ चल रहे हैं। यात्रा में कांग्रेस के लोगों के साथ आम लोगों का भी काफी समर्थन मिल रहा है और इसमें भीड़ बढ़ती जा रही है।

जीनापुर से शुरु हुई यात्रा करीब 13 किमी चलकर दस बजे सूरवाल बाइपास पहुंची, जहां दोपहर का विश्राम हुआ। विश्राम के बाद अपराह्न साढ़े तीन बजे से यात्रा फिर शुरू हुई। सूरवाल बाईपास से दुब्बी बनास तक करीब नौ किलोमीटर चली और दुब्बी बनास पहुंची। इसके बाद दहलोद में यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। इससे पूर्व यात्रा के दोपहर विश्राम के समय श्री राहुल गांधी कई किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से चर्चा की। वह यात्रा में समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों से मिल रहे है ।

यात्रा के सौ दिन पर जयपुर में भारत जोड़ो संगीत समारोह में शामिल होंगे राहुल

सवाईमाधोपुर, (एजेंसी)। कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोलह दिसंबर को यात्रा के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर दौसा में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और इसके बाद जयपुर में भारत जोड़ो संगीत समारोह में शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यात्रा के दोपहर विश्राम के समय आयोजित प्रेस वार्ता में मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोलह दिसंबर को यात्रा का सौंवा दिन है जो मील का पत्थर साबित होगा। इस विशेष अवसर पर श्री राहुल गांधी दौसा में शुक्रवार दोपहर एक बजे प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे।

पूर्वी डीएफसी के बोराकी के बीच नए ब्रिज पर पहली मालगाड़ी का संचालन

प्रयागराज (ब्यूरो)। उमरे के दादरी से पूर्वी डीएफसी के बोराकी के मध्य एक नए रेलवे ओवर रेल ब्रिज पर मंगलवार को पहली मालगाड़ी का परिचालन हुआ। परिचालन से अब गाजियाबाद से पूर्वी डीएफसी के मध्य डाउन लाइन पर गाड़ियों का निर्बाध परिचालन हो सकेगा।

इसके पूर्व रेलगाड़ियों को भारतीय रेल के मार्ग से डीएफसी पर ले जाने के लिए रेल मार्गों को पार करना होता था जिससे सरफेस क्रॉसिंग के कारण परिचालन बाधित होता था। अब इस रेलवे रेल फ्लाईओवर के बन जाने से और इस पर परिचालन प्रारंभ होने के बाद रेलगाड़ियां बेहतर गति और निर्बाध तरीके से संचालित हो सकेंगे। इस मार्ग के बन जाने से यात्री गाड़ियों का संचालन भी बेहतर बन सकेगा और लंबी माल गाड़ियों के संचालन के प्रतिफल से बाधित होने वाली तीव्र गति की यात्री गाड़ियां अपनी पूरी गति से संचालित होंगी। ज्ञात हो कि डेडिकटेड फ्रेट कॉरिडोर उच्च गति और उच्च क्षमता वाले विश्वस्तरीय तकनीक के अनुसार बनाया जाने वाला रेलमार्ग हैं। जिसे विशेष तौर पर माल एवं वस्तुओं के परिवहन हेतु बनाया जाता हैं। डीएफसी मे बेहतर बुनियादी ढांचे और साथ ही अत्याधुनिक प्राधौगिकी का एकीकरण शामिल होता हैं।

शौर्य को नमन संसद हमले की 21वीं बरसी पर गणमान्य हुए शहीदों के चित्रों के आगे नतमस्तक

कृतज्ञ राष्ट्र ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली ■ एजेंसी

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित तमाम सांसदों ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में 2001 के आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

संसद पर हमले की 21वीं बरसी पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, अधीर रंजन चौधरी और अन्य सांसदों ने भी शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया- 2001 के संसद हमले के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। हम उनकी सेवा, शौर्य और बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।

सुरक्षाबलों सहित नौ लोगों ने दी थी प्राणों की आहुति

उल्लेखनीय है कि 21 साल पहले 13 दिसंबर को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। संसद भवन की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों ने पांच आतंकियों को ढेर कर हमले को नाकाम कर दिया था। हमले में सुरक्षाबलों सहित नौ लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।

पार्सल के सुविधा जनक प्रेषण के संबंध में विचार- विमर्श

आरडीएसओ की एक दिनी बैठक आयोजित

प्रयागराज, (ब्यूरो)। भारतीय रेल द्वारा अपनी सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका का संवहन करते हुए शुक्रवार को लखनऊ स्थित आरडीएसओ में रेलवे एवं डाक विभाग की ज्वाइंट पार्सल प्रोडक्ट (आरडीएसओ) की एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महाप्रबंधक, उमरे, सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (स्ट्रेटेजिक प्लानिंग) जीवीएल सत्य कुमार, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक,उत्तर मध्य रेलवे, एसके सिंह, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रट एंड मार्केटिंग), उत्तर रेलवे, नई दिल्ली, ओमप्रकाश, मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ सुरेश कुमार सपरा, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वोतर रेलवे, लखनऊ आदित्य कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक , उमरे, प्रयागराज जं., मोहित चंद्रा, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल (यूपी परिक्षेत्र) कौशलेन्द्र कुमार सिन्हा सहित रेलवे एवं डाक विभाग के अन्य उच्चाधिकारी तथा अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं व्यापारिक केन्द्रों के व्यापारीगण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के बारे में ली जानकारी

राजनैतिक दल कानून को अपने हाथ में न लें यदि समस्या हो तो प्रशासन को अविलम्ब अवगत करायें उसका समाधान किया जायेगा : मण्डलायुक्त

प्रखर मीरजापुर। मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अपर आयुक्त प्रशासन, मुख्य विकास अधिकारी भदोही भानु प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 मीरजापुर शिव प्रताप शुक्ल, सोनभद्र सहदेव मिश्र उपस्थित रहें।

मण्डलायुक्त ने सभी राजनैतिक दल के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होने कहा कि एक व्हाटसएप ग्रुप बनाकर सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को उसमें जोड़ने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त द्वारा सभी राजनैतिक दल के पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी व सम्बन्धित अधिकारियों का निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान कर अवगत करायें। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन हों। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि मतदाता सूची में यदि किसी व्यक्ति का दो स्थलों पर नाम दर्ज है तो उसका परीक्षण कर एक स्थान से नाम हटा दिया जाय। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने कहा कि वार्डो के आरक्षण के सम्बन्ध में प्राप्त दावा/आपत्तियों का निस्तारण करा दिया गया है जिसकी सूचना शासन को प्रेषित कर दिया गया हैं। मतदान केन्द्रो के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रो पर पहले से सुनिश्चित कर ले कि वहां प्रकाश, विद्युत शौचालय आदि व्यवस्था हो। उन्होने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल कानून को अपने हाथ में न लें यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रशासन को अविलम्ब अवगत करायें उसका समाधान किया जायेगा। उन्हो सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील बूथो पर कानून व्यवस्था दुरूस्त रखे ताकि वहां पर कोई अराजकता न उत्पन्न हों।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने राजनैतिक दलों से कहा कि जो भी संवेदनशील बूथ है उसकी मानिटरिंग पहले से ही करा ली जायेगी और किसी प्रकार समस्या उम्पन्न नही होने दी जायेगी। उनहोने कहा कि संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों का चिन्हीकरण कर लिया गया हैं। उन्होने बताया कि जनपद में संवेदनशील बूथ 18, अति संवेदनशील बूथ 58 एवं अति संवेदनशील प्लस 08 केन्द्र हैं।

रूट चार्ट की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है, पोलिंग पार्टी प्रस्थान, वापसी एवं मतगणना केन्द्रो का चिन्हीकरण कर लिया गया हैं। मुख्य विकास अधिकारी भदोही ने मण्डलायुक्त को जानकारी देते हुये बताया कि आपत्तियों के आरक्षण के प्रस्ताव पर नगर विकास विभाग के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 03 दिसम्बर 2022 को आपत्तियों का प्रकाशन करा दिया गया था तत्पश्चात उसकी सुनवाई कर दिनांक 10 दिसम्बर 2022 निस्तारण किया गया।

तदुपरान्त अन्तिम आरक्षण सूची नगर विकास विभाग को भेज दिया गया हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा भदोही विनय श्रीवास्तव, मा0 विधायक नगर के प्रतिनिधि चंद्राशु गोयल, देवी प्रसाद चैधरी सपा, जिला महामंत्री भाजपा सोनभद्र राम सुन्दर निषाद, भारतीय कम्यूनिस पार्टी के दिनेश कुमार यादव सहित अन्य राजनैतिक दल के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

नजायज तमंचा कारतूस संग तीन अभियुक्तों को करंडा पुलिस ने दबोचा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना करंडा क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन नाजायज तमन्चा 315 बोर तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधी और अवैध शस्त्र तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व रात्रिगश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर मंगलवार को जमानियां पुल से तीन नफर नाजायज तमन्चा 315 बोर व चार जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त सुनील सिंह यादव पुत्र रामलाल सिंह यादव कोटिया धर्मपुर, छोटू पटेल पुत्र उमाव पटेल निवासी सरायमोहम्मदपुर थाना- करण्डा जनपद- गाजीपुर और कमलेश यादव पुत्र मुन्शी यादव निवासी कोटिया धर्मपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर को समय करीब 11 बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही करते हुए न्यायलय भेज दिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक संपूर्णानन्द राय थाना करंडा, उपनिरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला तथा आरक्षी अभियुक्त यादव, राजकुमार, रविप्रकाश और सोनू सरोज शामिल रहे।

योग आयुर्वेद द्वारा जगेगा मातृशक्ति - योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति

प्रखर गोरखपुर। बढ़ते हुए आधुनिक दौर में नारी सशक्तिकरण को मजबूत करने व उनके अंदर की समस्याओं को जड़ से समाप्त करने के लिए मातृ शक्तियों को जागृत करने के लिए गुरू गोरक्ष नगरी में प्रातः काल निशुल्क चल रहे निस्वार्थ सेवाभाव से ओम फिटनेस योगा गोरखपुर महन्त दिग्विजयनाथ पार्क व पन्त पार्क में बनारस में दे रही सेवा महोदया योग प्रशिक्षिका सरोज सिंह योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति जी के साथ योग के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखते हुए आसन, प्राणायाम का अभ्यास सभी उपस्थित युवक युवतियों को करायी और बतायी कि मैंने अपना स्वयं अस्थमा ठीक कर अपने स्वास्थ्य के लिए खुले स्थानों में योग प्राणायाम विभिन्न लोगों के साथ कराती रहती हु। सरोज जी ने सभी महिलाओं से वातार्लाप कर उन्हें अंदर से जगाने का प्रयास की, कि नारी शक्ति चाहे

तो कुछ भी कर सकती है हमें आवश्यकता है ऐसे मातृशक्ति का जो स्वयं में योग द्वारा बदलाव लाकर दूसरे में बदलाव ला सके। इसी कड़ी में पिछले तीन माह से सिख रही 36 वर्षीय किरण जी ने योग गुरु के सानिध्य में कई कठिन आसनों, भु नमन आसन, चक्रासन, सर्वांगासन, हलासन व अन्य अभ्यास कर सभी नारी शक्तियों को मोहित की। योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति प्रातः काल से ही ध्यान से शुरू कर विभिन्न योग के आसन प्राणायाम आहार-विहार के साथ-साथ एरोबिक्स योगाभ्यास करा रहे हैं जिससे काफी पुरुषों व महिलाओं में बदलाव दिख रहा हैं जिससे काफी महिलाएं स्वस्थ हो रही है। योगाचार्य जी ने बताया कि हम सभी यदि नियमित समय देकर योग की शरण में आए तो आने वाले कल में हम योग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को भी आत्मनिर्भर बना सकते हैं। योग कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यकताओं ने भी योग की सराहना करते हुए उसे नियमित रूप से जारी रखने को कहें जो नौका विहार पर टहलने आ रहे निश्चित रूप से उनसभी के लिए स्वास्थ्य हितकारी होगा।

सभासद व अधिवक्ता योगेश यादव की गोली मारकर हत्या को लेकर प्रशासन से नाराजगी जताई सपाजनों ने

प्रखर जौनपुर। बदलापुर नगर पंचायत के सभासद अधिवक्ता योगेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दिया गया प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम तो करा दिया लेकिन हत्यारों को पकड़ने में नाकाम रही जिससे परिजनों ने मृतक के पार्थिव शरीर लेकर उनके गांव सरोखनपुर आवाज पर धरने पर बैठ गयें लगभग 38 घंटे तक बैठे रहे वहीं मल्हनी से विधायक लकी यादव मौके पर पहुँच कर परिवार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी लिया और पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों से बात कर परिवार के पूरी मांग से अवगत कराया व सुरक्षा प्रदान करने की बात कही जिसको प्रशासन के स्वीकार किया उसके बाद पीड़ित परिवार को शिवपाल

सिंह यादव से बात कराई उनके द्वारा परिवार को पूरा भरोसा दिलाया कि वो परिवार की पूरी मदद करेंगे और न्याय दिलायें जिसके बाद विधायक लकी यादव सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने परिजनों से बात कर धरना को समाप्त कराया और शव का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर अपनी उपस्थिति में कराया मौके पर पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, महेन्द्र यादव,रमापति यादव,आशीष यादव, अंकित यादव, ओमप्रकाश यादव, अमित यादव, आदि लोग उपस्थित रहे ।

शिक्षा से ही किशोरियों का होगा सर्वांगीण विकास : काउंसलर संध्या देवी

प्रखर चकिया चंदौली ब्यूरो। रोजा संस्थान के तत्वावधान में चाइल्ड राइट्स एन्ड यूं नई दिल्ली के सहयोग से दिन बुधवार को जीवन कौशल विकास के बिन्दु " मैं/हम कौन, आत्म विश्वास, सकारात्मक सोच, भावनात्मक विकास एवं मौखिक सम्प्रेषण/ संचार कौशल विकास आदि पर कम्पोजिट विद्यालय गनेशपुर तथा फिरोजपुर में, कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं (किशोरियों)को काउंसलर संध्या देवी तथा पूजा मौर्या, रविन्द्र कुमार द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में "समाज में ब्यक्ति गत तथा सामूहिक पहचान बनाने, आत्म विश्वास के साथ अपनी समझ बनाने, सकारात्मक/ नकारात्मक पहलुओं पर समझ बनाने, भावनात्मक विकास एवं मौखिक संचार कौशल पर समूह अभ्यास करके तथा चर्चा परिचर्चा के माध्यम से संवेदित किया गया। प्रशिक्षण में परिचय सत्र, प्रतिभागियों का पंजीकरण, फोटो ग्राफी का कार्य संस्थान के कार्यकर्ता खैरुननिशा, ऊषा, सावित्री ने किया।इस प्रशिक्षण में अध्यापक में शशिकांत राय, जयप्रकाश भारती , ब्रिजेश पाठक, ओमप्रकाश, शीला देवी तथा किशोरियों में खुशी, आंचल , आरजू , नेहा, जुली , रीशा, संगम, रुची, चांदनी , प्रिती, आकांक्षा, आशु, संतोषी, ज्योती, रुबी, काजल, गुड़िया , स्नेहा, अंजलि, रानी, अनुपमा आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

विवाहिता की संदीग्ध परिस्थितियों में मौत, पहुंची फॉरेंसिक टीम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बसूका गांव में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस एवं फॉरेंसिक विभाग की टीम शव को कब्जे में लेते हुए घटनास्थल की जांच पड़ताल कर रही थी। जानकारी अनुसार गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बसूका गांव निवासी हसनैन की पत्नी शगुफ्ता बेगम (35)मंगलवार की शाम अपने कमरे में मृत अवस्था में पाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाहिता के गले में रस्सी के निशान थे तो वही वही कुछ लोगों का कहना था कि मृतका बेड पर पड़ी हुई थी और उसके बगल में एक उपयोग किया हुआ इंजेक्शन सिरिंज रखा हुआ था कुछ लोग इसे हत्या तो कुछ लोग इसे आत्महत्या करार दे रहे हैं। वहीं मृतका की बहन ने ग्राम प्रधान के चचेरे भाई के साथ मृतका के प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर आए दिन धमकी देने एवं एक वीडियो को वायरल करने का आरोप लगाया है।

डाबर कम्पनी ने लड़कियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड, हैण्डवाश व साबुन बाँटकर किया जागरूक

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर के लोक समिति आश्रम में देव एक्सल फाउंडेशन और डाबर कम्पनी की तरफ से मासिक स्वच्छता का आयोजन किया गया। इस दौरान लड़कियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड, हैण्डवाश और साबुन वितरित किया गया। गाँव से आई लड़कियों और महिलाओं ने माहवारी पर जागरूकता रैली निकाली और लोगों से महिला स?वास?थ्य के लिए पहल करने की अपील की। रैली में शामिल महिलाएं व लड़कियां 'माहवारी पर चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो।' 'मां बनने पर गर्व है फिर माहवारी पर क्यों शर्म है।' 'पीरियड का खून नहीं तुम्हारी सोच गंदी है।' जैसे नारे लगा रही थीं। सभी के हाथों में पोस्टर भी थे जिन पर माहवारी स्वच्छता पर स्लोगन लिखे थे। इस दौरान लोक समिति आश्रम नागेपुर में माहवारी स्वच्छता पर सभा का आयोजन किया गया। सभा में जहां माहवारी को लेकर भ्रांतियों और संकोच को छोड़ने पर चर्चा हुई। लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। इसको लेकर महिला या

किशोरियों को अपवित्र मानने और धार्मिक अनुष्ठानों से दूर रखने की समाज की अवधारणा को बदलने की आवश्यकता है। देव एक्सल फाउंडेशन के अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि डाबर कम्पनी के तरफ से 10 गांवों में माहवारी स्वच्छता अभियान चलाकर लड़कियों और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। रैली की अगुवाई लोक समिति से सोनी, संचालन मधुबाला, धन्यवाद ज्योति ने किया। रैली में मुख्यरूप सोनी, कलावती, शमा बानो, मनजीता, विनय सिंह, विजय कुमार, ईश्वरचन्द पटेल, प्रमिला, संगीता, उषा, अन्नू, सरिता, पूजा, करीना, पंचमुखी, विद्या, कलावती, मधुबाला, आदि लोग मौजूद रहीं।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में जुटे 213 मरीज

दीपराजी देवी की आठवीं पुण्यतिथि पर हुआ आयोजन, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कृपाशंकर सहित अजगरा विधायक रहे मौजूद

प्रखर चोलापुर वाराणसी। क्षेत्र के दानगंज स्थित तराव गांव में ओमप्रकाश सिंह के आवास पर श्रीमती दीपराजी देवी की आठवीं पुण्यतिथि पर विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निशुल्क जांच के साथ चश्मा का वितरण किया गया। जिसमें आसपास के 213 मरीजों ने नेत्र का परीक्षण कराया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में मोबाइल और टीवी के नाते आंखों पर जरूरत से ज्यादा भार पड़ रहा है। जिसकी वजह से नेत्र रोगी भी बढ़े हैं। इसलिए निशुल्क नेत्र शिविर लगाना बहुत ही पुण्य का काम है। अजगरा के विधायक त्रिभुवन राम ने भी नेत्र शिविर की जरूरत पर बल दिया। और आगे भी इसे जारी रखने की बात कही। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से लाल बहादुर सिंह, अधिक्षक डाक्टर आर.बी. यादव, शिवाजी सिंह, अनिल सिंह, राणा चौहान, सतीस सिंह,अजीत सिंह,नेत्र चिकित्सक के.एन. श्रीवास्तव, संजय भारती, मुन्ना जसवार, अनंत सिंह, राजीव यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी का स्वागत ओमप्रकाश सिंह मास्टर ने किया।

स्वच्छ काशी-निर्मल गंगा मिशन के तहत एनडीआरएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दे रही हैं लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी आदि एनडीआरएफ केंद्रों से टीमें अपने आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, रैलियां, जागरूकता के कार्यक्रम लोगों के बीच में जाकर कर रहे हैं और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं एनडीआरएफ जवानों के स्वच्छता अभियान के जज्बे को देखते हुए इलाकों से सामाजिक संस्थाएं, स्कूल, प्रशासन, युवा वालंटियर विभिन्न बलों के कर्मचारी और स्थानीय लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं उसी कड़ी में आज वाराणसी में गंगा को अविरल और निर्मल बनाने की मुहिम तथा स्वच्छ काशी मिशन के तहत एनडीआरएफ वाराणसी ने जल पुलिस, गंगा सेवा निधि और नगर निगम वाराणसी के साथ मिलकर दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाराणसी के जनसामान्य में गंगा नदी एवम् घाटों को स्वच्छ व साफ रखने के लिए जागरूक करना और इस कार्य में अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित करना था कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा की अगुवाई में इस अभियान को

चलाया गया जिसमें गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र, सचिव हनुमान यादव, जल पुलिस प्रभारी मिथिलेश यादव, नगर निगम के सुपरवाइजर, द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, सहायक कमांडेंट पी पी सिंह, निरीक्षक विनीत कुमार सिंह एवं बड़ी संख्या में कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता के इस अभियान में अपना योगदान दिया।

संक्षिप्त खबरें

योगी बिजेंदर नाथ को देख लोगो को लगा योगी आदित्यनाथ लेने लगे सेल्फी

प्रखर वाराणसी। योगी बिजेंदर नाथ को जिसने भी उन्हें देखा तो हक्का-बक्का रह गया कि हमारे पास से निकले हुए व्यक्ति एक पल के लिए तो लोगों को लगा कि योगी आदित्यनाथ जी हमारे पास से निकल कर जा रहे हैं। सोमनाथ और काशी विश्वनाथ का सत्र भी सदी में इंदौर की अहिल्याबाई होलकर जी ने जो की बहुत बड़ी शिव भक्तों की टूटे हुए मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया और 2021 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने काशी विश्वनाथ का जीर्णोद्धार काशी सुपर कॉरिडोर बनाकर देश को एक नई सौगात दी काशी विश्वनाथ की जय हो इंदौर के योगी काशी विश्वनाथ दर्शन और आशीर्वाद के लिए पधारे और गंगा मैया डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया मोदी जी और योगी जी की जमकर तारीफ की योगी जी और मोदी जी को बताया अवतार उन्हें देखने के लिए पार्टी की जनता बहुत उत्साहित थी और उनके साथ सेल्फी जाने के लिए लोग एक दूसरे के ऊपर चले जा जा रहे थे।

50 साल से वांछित अभियुक्त की कैंट पुलिस ने की उद्घोषणा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जालसाजी और धोखाधड़ी के विभिन्न मुकदमों में 50 साल से वांछित अभियुक्त निहार किरण बैनर्जी पुत्र जितेंद्र नाथ बैनर्जी निवासी अगस्त्यकुंड थाना दशाश्वमेध के विरुद्ध न्यायालय सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाराणसी के कोर्ट द्वारा उद्घोषणा जारी कर उक्त अभियुक्त को दिनांक 15/12/22 को हाजिर होने का आदेश दिया गया है जिस पर कैंट थाने की पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुनादी करके विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस भी चस्पा किया कैंट थाने के उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया की अभियुक्त न्यायलय के वाद संख्या 388/76, 389/76, तथा 390/76 में तारीखों पर लगातार गैरहाजिर है जिस कारण ये प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।

नवल स्मृति समारोह की तैयारियों को लेकर सौंपी गयी जिम्मेदारी

प्रखर कसया, कुशीनगर। लेखक कवि एवं समाजसेवी रहे स्वर्गीय नवल किशोर सिंह की 31 वीं पुण्यतिथि पर 17 दिसंबर को साखोपार में विविध कार्यक्रम आयोजित है। मंगलवार को नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष व स्व सिंह के छोटे सुपुत्र अजय प्रताप नारायण की अध्यक्षता में बैठक की गई और समारोह स्थल का निरीक्षण किया गया। मंच सज्जा, पांडाल, दंगल स्थल आदि का निरीक्षण किया। संस्था अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि समारोह में रामायणी दल द्वारा श्री राम चरित मानस पाठ, बिहार के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक मुकेश सिंह एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धांजलि सभा, सम्मान समारोह और राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें दिल्ली, हरियाणा, बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के तमाम दिग्गज पहलवान भाग लेंगे। इस अवसर पर पीयूष प्रताप नारायण सिंह, ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, एडवोकेट कुशल प्रताप नारायण सिंह, हरेंद्र नाथ पांडे, कृष्णानंद पांडे, चंद्रभूषण पांडे, रमाशंकर तिवारी, त्रिपुरेश सिंह, रमेश पांडे, एडवोकेट असीम सिंह, नरेंद्र पाठक, मूसा अंसारी, मणिकचन चौबे, सूरज प्रकाश यादव, गयासुद्दीन अंसारी, कादिर अंसारी, दुर्गा वर्मा, पूर्व प्रधान जयराम प्रसाद, हरी प्रसाद जायसवाल मौजूद रहे।

गन्ना भुगतान को लेकर भाकियू (अ) के जिलाध्यक्ष जिला गन्ना अधिकारी से किया वार्ता

प्रखर कुशीनगर। बताते चले जनपद कुशीनगर की कप्तानगंज चीनी मिल पर किसानों के गन्ने के बकाया का भुगतान करने का प्रचलन इस वर्ष का अगले वर्ष और अगले वर्ष का अगले वर्ष का रहा है। विगत वर्षों में 48 दिन लगातार धरना प्रदर्शन के बाद 36 करोड़ रुपये गन्ने का भुगतान पेराई सत्र 2020-21 का हुआ और पेराई सत्र 2021-22 के लिये 68 दिन धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें कुछ भुगतान हुआ और अभी तक 40 करोड़ रुपये बकाया है जिसको लेकर हमारे द्वारा लगातार सन्घर्ष किया जा रहा है। उक्त बाते भारतीय किसान यूनियन की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया। आज दिनाँक 12 दिसम्बर 2022 को भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने जिला गन्ना अधिकारी से मोबाईल पर कप्तानगंज चीनी मिल पर किसानों के गन्ने का भुगतान के सम्बन्ध में वार्ता किया तो उन्होंने बताया कि, किसानों के गन्ने का भुगतान अगले दो से तीन दिन में लगभग दो करोड़ रुपये किसानों के खाते में चला जायेगा और साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि, हर पन्द्रह दिन में किसानों के गन्ने का भुगतान चीनी मिल किसानों के खाते में भेजता रहेगा।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं